दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026
2009 से स्थापित
सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता
www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-89 | झुंझुनू (राजस्थान) | बुधवार, 18 फरवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

सपने वही सच होते हैं, जिनके लिए हम हर दिन थोड़ा-थोड़ा संघर्ष करना स्वीकार करते हैं।

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## भाग्य नहीं, परिश्रम की पूंजी सफलता का असली सूत्र

'भाग्य भी उन्हीं का साथ देता है जो पसीना बहाना जानते हैं '– यह केवल प्रेरक वाक्य नहीं, बल्कि जीवन का गहन दर्शन है। समाज में जब भी किसी व्यक्ति को ऊँचाइयों पर पहुंचते देखते हैं, तो अक्सर उसे 'भाग्यशाली' कहकर उसकी सफलता को संक्षेप में समझाने की कोशिश करते हैं। किंतु यह दृष्टिकोण अधूरा है। किसी भी उपलब्धि के पीछे अनगिनत संघर्ष, असफलताओं से जूझने का साहस, निरंतर अभ्यास और त्याग छिपा होता है। भाग्य वास्तव में परिश्रम का ही दूसरा नाम है, जो सही समय पर अवसर के रूप में प्रकट होता है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे किबोलता है।

मनुष्य के जीवन में अवसर अचानक आते हुए प्रतीत हो सकते हैं, परंतु वे वास्तव में उन लोगों को ही दिखाई देते हैं जो तैयार रहते हैं। तैयारी स्वयं में एक कठिन प्रक्रिया है– अनुशासन, धैर्य और निरंतरता का संगम। जो व्यक्ति लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए निरंतर प्रयास करता है, वही अवसर आने पर उसे पहचान और पकड़ पाता है। यही वह क्षण है जब लोग कहते हैं– 'भाग्य ने साथ दिया।' दरअसल, यह तैयारी और अवसर का संगम होता है। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है, जहाँ व्यक्तियों ने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक भेदभाव और आर्थिक अभाव के बीच शिक्षा को अपना हथियार बनाया। उन्होंने दिन-रात अध्ययन कर स्वयं को इस योग्य बनाया कि अवसर मिलने पर वे संविधान निर्माण जैसे ऐतिहासिक दायित्व को निभा सकें। महात्मा ज्योतिबा फुले ने भी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए शिक्षा और समानता का मार्ग चुना। इन महापुरुषों को 'भाग्यशाली' कह देना उनके तप, त्याग और संघर्ष के साथ अन्याय होगा। उनका भाग्य उनके परिश्रम का परिणाम था।

आज की युवा पीढ़ी अक्सर त्वरित सफलता की अपेक्षा करती है। सोशल मीडिया और तात्कालिक उपलब्धियों की संस्कृति ने यह भ्रम पैदा कर दिया है कि सफलता एक रात में हासिल हो सकती है। परंतु सच्चाई यह है कि हर चमकती हुई उपलब्धि के पीछे वर्षों का अदृश्य श्रम होता है। यदि बीज बोने के तुरंत बाद फल की अपेक्षा की जाए, तो निराशा ही हाथ लगेगी। फसल उगाने के लिए भूमि तैयार करनी पड़ती है, बीज बोना पड़ता है, सिंचाई करनी पड़ती है और धैर्य रखना पड़ता है। ठीक इसी प्रकार भाग्य की फसल भी कठिन परिश्रम की जमीन पर ही उगती है। कर्म और भाग्य के संबंध को समझना भी आवश्यक है। भारतीय दर्शन में कर्म को प्रधान माना गया है। गीता का संदेश भी यही है कि मनुष्य को अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। जब कर्म निष्ठापूर्वक किया जाता है, तो परिणाम अनुकूल होने की संभावना बढ़ जाती है। जो व्यक्ति प्रयास ही नहीं करता, वह भाग्य को दोष देकर स्वयं को संतुष्ट कर सकता है, परंतु इससे जीवन में कोई ठोस परिवर्तन नहीं आता।

समाज में भी हमें ऐसी मानसिकता को बढ़ावा देना होगा जो परिश्रम को सम्मान दे। अक्सर हम सफलता को केवल परिणाम से मापते हैं, प्रक्रिया से नहीं। यदि असफल प्रयासों को भी सीख और अनुभव के रूप में देखा जाए, तो वे भविष्य की सफलता की नींव बन सकते हैं। असफलता दरअसल यह संकेत देती है कि प्रयास जारी रखने की आवश्यकता है, दिशा में सुधार की आवश्यकता है। जो व्यक्ति असफलता से डरकर प्रयास छोड़ देता है, वह अपने संभावित भाग्य से स्वयं दूरी बना लेता है। परिश्रम का एक और महत्वपूर्ण पहलू है आत्मविश्वास। जब व्यक्ति जानता है कि उसने अपनी पूरी क्षमता से प्रयास किया है, तो उसके भीतर आत्मविश्वास उत्पन्न होता है। यही आत्मविश्वास उसे कठिन परिस्थितियों में भी टिके रहने की शक्ति देता है। और यही स्थिरता अंततः सफलता की ओर ले जाती है। भाग्य किसी चमत्कार की तरह नहीं, बल्कि निरंतर प्रयासों की परिणति के रूप में सामने आता है।

**अंततः** यह समझना आवश्यक है कि सितारे उसी के पक्ष में चमकते हैं जो जमीन पर पसीना बहाने को तैयार होता है। भाग्य कोई पका-पकाया फल नहीं है जो बिना प्रयास के मिल जाए। यह वह फसल है जिसे संघर्ष, अनुशासन और धैर्य से उगाया जाता है। यदि हम सचमुच जीवन में ऊँचाइयाँ छूना चाहते हैं, तो पहले स्वयं को तैयार करना होगा–ज्ञान से, कौशल से और निरंतर अभ्यास से। इसलिए जब अगली बार किसी को सफल देखें, तो उसे केवल 'भाग्यशाली' कहने से पहले उसके संघर्ष को समझने की कोशिश करें। और यदि स्वयं सफलता की राह पर चलना चाहते हैं, तो भाग्य की प्रतीक्षा छोड़कर कर्म की राह पकड़ें। क्योंकि अंततः वही लोग इतिहास बनाते हैं, जो अपने हाथों की लकीरों से अधिक अपने हाथों के परिश्रम पर विश्वास करते हैं।

# गुहला विधायक के समर्थन में आए दीपेंद्र हुड्डाः बोले-सरकारें बदलेंगी तो SDM को देना होगा जवाब

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**पंचकूला ।** हरियाणा के गुहला-चीका से कांग्रेस MLA देवेंद्र हंस के समर्थन में रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा उतर गए हैं। एक दिन पहले ही कैथल SDM की शिकायत पर विधायक पर FIR दर्ज हुई है। जिसमें अपमान करने और सरकारी काम में बाधा डालने जैसी धाराएं लगाई हैं। दीपेंद्र हुड्डा ने मंगलवार को पंचकूला में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सरकारें कभी एक पार्टी की नहीं रहती। सरकारें बदलेंगी तो एसडीएम को अपनी कार्यशैली का जवाब देना होगा। एसडीएम की कार्यप्रणाली खराब है, उसे जवाब देना होगा। विधायक ने एसडीएम को डिमांड पत्र के साथ झुनझुना दिया था। अब उन्हीं के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। यह तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात हो गई।

सांसद ने कहा कि यह कैसा लोकतंत्र है, जहां पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया। एसडीएम जनता का अपमान कर रहा है। भ्रष्टाचार की बातें सामने आ रही हैं। जिस जगह का मुद्दा था, वहां पर बिना सरकार की इजाजत के बड़ी तेजी से दुकानों का निर्माण हो रहा है।

### क्या है झुनझुना थमाने का पूरा मामला

**19 जनवरी को किया था प्रदर्शनः** गुहला से कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस 19 जनवरी 2026 को लोगों के साथ गुहला बीडीपीओ परिसर में दुकानों के निर्माण से जुड़े मामले में एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह से बहस हुई थी।

**रिश्वत लेने का लगाया था आरोपः** विधायक देवेंद्र हंस ने आरोप लगाया था कि सरकारी जमीन को खुर्द बुर्द करने और दुकानों की लंबाई बढ़ाने की एवज में भारी भरकम राशि ली गई। शहर की प्राइम लोकेशन शहीद ऊधम सिंह चौक पर चीका का BDPO ऑफिस बना हुआ है। इस परिसर के पिहोवा और पटियाला रोड की तरफ दुकानें बनी हुई हैं। पहले पिहोवा रोड की तरफ बनी 8 दुकानों की लंबाई 10 फीट के आसपास थी।

**बिना मंजूरी दुकानों की लंबाई बढ़ाईः** विधायक ने आरोप लगाया था कि दिसंबर महीने में सरकार से मंजूरी लिए बिना दुकानों की लंबाई बढ़ाई गई। निर्माण कार्य छुट्टी वाले दिन किया गया। इस संबंध में जब लोगों ने शिकायत दी तो गुहला के SDM कैप्टन प्रमेश सिंह को जांच का जिम्मा दिया गया। SDM ने अपनी जांच में निर्माण कार्य को गलत ठहराते हुए निर्माण रोकने के आदेश सुना दिए थे।

**SDM ने आश्वासन के बाद कार्रवाई नहीं कीः** देवेंद्र हंस ने कहा था कि जब वे स्ष्ठरूसे मिलने गए तो मामले की जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। लेकिन बाद में कोई कार्रवाई नहीं हुई। सरकार में बैठे लोग अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर सरकारी जमीन को खुर्द बुर्द कर रहे हैं और जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। अगर इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो धरना दिया जाएगा।

**झुनझुना देकर कहा- बजाते रहोः** बहस बढ़ने पर हंस ने एसडीएम को झुनझुना थमाते हुए कहा था- पकड़ो और जाकर बजाते रहो। इस पर एसडीएम ने पुलिस के आला अधिकारियों को शिकायत दी थी। जिस पर अब विधायक समेत 5 लोगों पर केस दर्ज हुआ है। गुहला डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि एसडीएम की शिकायत पर विधायक और उनके साथियों पर मानहानि, धमकी देने और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में FIR दर्ज की गई है।

### झुनझुना थमाने पर MLA पर दर्ज हुई FIR



### कांग्रेस की मांगः एसडीएम का तुरंत प्रभाव से ट्रांसफर हो

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि अगर सरकार में लोकतंत्र की लाज है तो उक्त एसडीएम की तुरंत प्रभाव से वहां से ट्रांसफर होनी चाहिए। विधायक के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमों को वापस लिया जाना चाहिए। जिस मामले को विधायक उठा रहे थे, उसकी उच्चस्तरीय जांच करवाते हुए कार्रवाई होनी चाहिए।

### सांसद ने एसडीएम को लेकर क्या 3 बड़ी बातें कहीं

**दुकानें बनाने में भ्रष्टाचार की आ रही बूः** सांसद ने कहा कि एसडीएम ने पहले कहा था कि मैं जांच करवाऊंगा, लेकिन फिर भी दुकानें बनती रहीं। एसडीएम ने मौके पर जाकर भी जांच नहीं की। कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की बू आती है इसमें। ठेकेदार को पूरी तरह से छूट दी गई।

**विधायक को 1 घंटे इंतजार करायाः** दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि जब विधायक देवेंद्र हंस की आवाज अनुसनी हुई तो वे ज्ञापन देने गए थे। वे ज्ञापन देने गए तो एक घंटे इंतजार करवाया गया। इन्होंने वहां पर एसडीएम को 20 बार कॉल किए, लेकिन एक बार फोन उठाया।

**SDM राजनीतिक बयानबाजी कर रहेः** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि वहां एसडीएम राजनीतिक तौर पर बयानबाजी भी कर रहा है। एसडीएम ने कहा कि जनता ने गलत जनप्रतिनिधि चुन लिया है।

## बंदियों व कैदियों को जेल में उपलब्ध करवाई जाए आवश्यक सुविधाएं: जस्टिस हरिपाल वर्मा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



**भांडोरिया ।** हरियाणा के लोकायुक्त जस्टिस हरिपाल वर्मा ने मंगलवार को जिला कारागार रेवाड़ी का निरीक्षण कर जेल में बंदियों व कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। जिला कारागार पहुंचने पर जेल अधीक्षक सुरेंद्र सिंह दलाल ने जस्टिस हरिपाल वर्मा का स्वागत किया। लोकायुक्त ने जेल अधीक्षक से जेल में बंद बंदियों व कैदियों की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता, भोजन व्यवस्था तथा कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी प्राप्त की। जस्टिस हरिपाल वर्मा ने निरीक्षण के दौरान जेल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया और बंदियों व कैदियों से सीधे संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जस्टिस वर्मा ने हरियाणा लोकायुक्त अधिनियम, 2002 की धारा 10 के प्रावधानों के संबंध में बंदियों और जेल अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कैदियों से स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, पेयजल, रहने की व्यवस्था और कानूनी सहायता से जुड़ी समस्याओं पर भी बातचीत की। लोकायुक्त ने जेल रसोईघर का भी निरीक्षण किया और भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई तथा भोजन तैयार करने की प्रक्रिया का जायजा लिया। जेल अधीक्षक सुरेंद्र सिंह दलाल ने लोकायुक्त को बताया कि कैदियों के लिए निर्धारित मैन्यू के अनुसार संतुलित व पौष्टिक भोजन तैयार किया जाता है और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। जस्टिस हरिपाल वर्मा ने निरीक्षण के उपरांत जेल प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया तथा आवश्यक सुधारों को लेकर दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बंदियों व कैदियों को मानवीय दृष्टिकोण के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जेल प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर डीएसपी पवन कुमार, उप-अधीक्षक जेल राकेश लोचब उपस्थित थे।

## लोहियम करियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने JEE Mains 2026 में लहराया परचम



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान लोहियम करियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने JEE Main 2026 (First Session) में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संस्थान के छात्र निकेश पुत्र नत्थूराम ने 99.02 परसेंटाइल, प्रियंका पुत्री विनोद ने 97.78 परसेंटाइल तथा वरदान पुत्र दीपक ने 96.15 परसेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। इन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसके अतिरिक्त नेहा, अभिषेक, दिवाकर, कार्तिक कुमावत, देवेंद्र सोनी, अर्पित, निदेश, ऊषा व प्रिंस ने भी शानदार परसेंटाइल प्राप्त कर JEE Advanced के लिए क्वालीफाई किया, जिससे संस्थान में हर्ष और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक जगपाल सिंह यादव, चेयरमैन राम सिंह नेहरा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बड़ेसरा, संस्था सचिव प्रदीप नेहरा, चेयरपर्सन ममता नेहरा प्रधानाचार्य प्रमिला जी झाझड़िया, इंग्लिश मीडियम प्रिंसिपल प्रमोदिनी जी दुबे, फाउंडेशन प्रभारी प्रदीप सोनी, डॉ. तेज पाल कटेवा, कृष्ण कुमार जांगिड़ सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। सफल विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से उनके अभिभावकों एवं पूरे स्टाफ में उत्साह, जोश और जश्न का माहौल देखने को मिला। संस्थान प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सुमन महरिया, लालाराम मेहरड़ा, गोपीराम मेहरड़ा बने समारोह के मुख्य संयोजक

### 8 मार्च को होगा महिलाओं का सम्मान समारोह

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमूं।**

**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ।** शहर के मोरीजा रोड स्थित बलाई समाज सभा-भवन पर बलाई विकास समिति जयपुर (मुख्यालय-चौमूं) के तत्वावधान में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा। समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार एवं महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं एवं समारोह में शामिल होने वाली सभी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष बद्रीनारायण परिहार एवं महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि समिति द्वारा 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित होने वाले समारोह में समाजसेवी सुमन महरिया, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी जयपुर के सेवानिवृत उप प्रबंधक लालाराम महरडा, सनराइज होटल बिलौची मैनेजर गोपीराम महरडा को मुख्य संयोजक बनाया गया। साथ ही बैंक शाखा प्रबंधक अल्का बरी, जालसू पंसस. व एससी प्रकोष्ठ जिला जयपुर देहात कांग्रेस सचिव सुनीता वर्मा, सिंगोद खुर्द पूर्व सरपंच विमला देवी सरावता, गोविंदगढ पंसस. व समाजसेवी राधेश्याम खारडिया, समाजसेवी सायरचंद बुनकर, समिति उपाध्यक्ष नाथूलाल बराला, कालूराम सामरिया, एडवोकेट राधेश्याम बुनकर, राजपाल सिंह नारनोलिया, सेडूराम मेदवाल, उपमहासचिव हनुमान सहाय झांटीवाल, उपकोषाध्यक्ष नानगराम लुनीवाल, सचिन सांवरमल छेड़वाल, सदस्य घीसालाल बबेरवाल, तुलसीराम बामनिया को सह संयोजक बनाया गया।



सुमन महरिया



लालाराम महरड़ा



गोपीराम महरड़ा

## बुधवार को आएंगे केंद्रीय मंत्री मेघवाल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**



**सोहनलाल परिहार ।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बुधवार प्रातः 7:20 बजे बीकानेर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। वे प्रातः 10 बजे सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में डायमंड लैब का उद्घाटन करेंगे। प्रातः 10:30 बजे सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में ईट राइट मिलेट्स मेले में शामिल होंगे। मेघवाल यहां विभिन्न कार्यक्रम और बैठकों में भाग लेने के पश्चात बीकानेर में रात्रि विश्राम करेंगे। मेघवाल 19 फरवरी को नोखा में पूर्व प्रधान कन्हैयालाल सियाग की पुत्री के विवाह कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। केंद्रीय मंत्री रात्रि 10:30 बजे रेल मार्ग से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## विद्यार्थियों ने किया थाना मंडावा का शैक्षणिक भ्रमण, जानी पुलिस की कार्य प्रणाली

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा ।** श्री युवक सभा आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने मंगलवार को पुलिस थाना मंडावा का शैक्षणिक भ्रमण करते हुए पुलिस की कार्य प्रणाली को जाना। इस अवसर पर थाना प्रभारी सीआई रामनारायण चोयल ने विद्यार्थियों मंडावा थाने में स्वागत करते हुए पुलिस की कार्य-पद्धति, कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया एवं विभिन्न दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने 'आमजन में विश्वास, अपराधियों में डर' के ध्येय वाक्य को समझाते हुए पुलिस की समाज में भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने भी उत्सुकतापूर्वक प्रश्न पूछे और महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। अंत में स्कूल परिवार ने मंडावा पुलिस स्टाफ एवं थाना प्रभारी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।



# रिश्ते में फिर से नए रंग भरना चाहती हैं तो आजमाइए ये टिप्स

**जीवन में मध्य काल को पार करने के बाद बहुत से दंपती की रोमांस में दिलचस्पी का कम होते जाना स्वाभाविक है। बहुत से दंपती यह सोचते हैं कि कब उनके साथ प्यारभरी बातें की थी। शायद महीनों हो गए। नतीजा रिश्तों में कडवाहट के रूप में सामने आता है। यदि आप अपने बेजान होते रिश्ते में फिर से प्यार के नए रंग भरना चाहती हैं तो ये टिप्स आजमाइए।**

वैवाहिक जिंदगी में अगर दूरियां जगह बनाने लगें तो समझिए आप दोनों का रिश्ता लंबा नहीं चल पाएगा। रिश्ते में फिर से गर्माहट लाने के लिए अपने पार्टनर के साथ नियमित रूप से प्यारभरी बातें करें। प्यार से जहां आपको संतुष्टि मिलेगी, वहीं पार्टनर भी आपके करीब आएंगे। शादी के बाद वाला रोमांटिक मूड बनाए रखने के लिए पत्नी हमेशा पति से खूब लाड लडाए, पति की हर मांग और इच्छा को पूरा करने के लिए खुशीखुशी तैयार रहे। पति उसके लिए कुछ अच्छा काम करें, तो पत्नी उन्हें दिल से धन्यवाद देना न भूले। इस रोमांटिक मौसम में एक खूबसूरती सी डेड प्लान करें, रिश्ते की रूमानियत बनाए रखने की जिम्मेदारी भी तो आपकी ही है। ऐसे में एक-दूसरे के साथ टाइम बिताने के लिए डिनर डेट प्लान करें।इतना बेस्ट मौका मिला है टीवी देखते समय, कार में बैठे हुए या साथ चलते हुए, एक-दूसरे का हाथ थामना न भूलें। पार्टनर का ये स्पर्श आपको उन दिनों की याद ताजा करा देगा जब एक-दूसरे का हाथ थामते ही आपके दिल की धडकनें तेज हो जाती थी। रोमांस करने से आत्मसम्मान में बढोत्तरी होती है। पार्टनर को अगर ऑफिस के काम का बोझ सत्ता रहा है, तो उसकी इस परेशानी को आप बहुत हद तक सेक्स के जरिए दूर कर सकते हैं। प्यार आपको साथी के करीब तो लाता ही है, साथ ही आपका तनाव भी दूर करता है। हफ्ते में दो से तीन बार रोमांस करने से ब्लड प्रेशर बराबर रहता है, जिससे स्ट्रेस लेवल कम होता है और ज्यादा खुश रहते हैं।



# खर्चों और सीमित आय के साथ खरीदें अपने सपनों का घर

**घर ख़रीदना एक बहुत बड़ा निवेश है। ख़ासतौर पर उनके लिए जिनकी आय सीमित है। अधिकांश युवाओं का मासिक वेतन 15 हज़ार रुपये प्रति माह से शुरू होकर लगभग 3 वर्षों में 25 से 30 हज़ार रुपये प्रति माह तक पहुंचता है। इसी में कई ख़र्चे पूरे करने होते हैं जिसके बाद घर का सपना पूरा कर पाना लगभग नामुमकिन लगने लगता है। इसी वर्ग को ध्यान में रखकर हम एक ऐसी रणनीति तैयार करेंगे ताकि हर कोई अपने घर का सपना साकार कर सके।**

## बजट से शुरुआत

सबसे पहले अपना बजट बनाएं। इस बात का प्रयास करें कि प्रारंभ में आप ऐसा घर ख़रीदें, जो आपके बजट में आता हो। बाद में उसे बेचकर प्राप्त राशि को डाउन पेमेंट की तरह प्रयोग करते हुए बड़े घर के लिए बड़ा लोन लेने पर विचार कर सकते हैं।

## क्षेत्र का चयन

आमतौर पर शहर के व्यस्त या विकसित इलाक़ों में घरों की क़ीमतें अधिक होती हैं। इसलिए ऐसे इलाक़ों की खोज करें जहां अभी क़ीमतें कम हैं, लेकिन अगले 5 वर्षों में बढ़ने की संभावनाएं हैं।

## ऋण की पात्रता जांच लें

कोई भी बैंक घर या फ्लैट की क़ीमत का शत-प्रतिशत लोन नहीं देता है। लोन की राशि घर की क़ीमत के 80 से 90 फ़ीसदी तक हो सकती है। आपके वेतन से होने वाली कटौतियों को भी ध्यान में रखा जाता है। कुल कटौतियां 60 फ़ीसदी से अधिक न हों, कुछ मामलों में यह 70 फ़ीसदी तक स्वीकार की जा सकती हैं।

## डाउन पेमेंट

अब प्रश्न यह है कि घर की क़ीमत और बैंक लोन के अंतर को कैसे पाटा जाए। इस उद्देश्य से इन विकल्पों पर विचार करें-

- यदि आपके पास स्वर्ण आभूषण हैं और वो लॉकर में रखे हैं, तो उन्हें काम पर लगाएं। गोल्ड लोन आसानी से और कम ब्याज पर मिल जाता है, जिससे प्राप्त धनराशि का उपयोग आप डाउनपेमेंट अथवा मार्जिन भरने के लिए कर सकते हैं।
- पोस्ट ऑफिस के एनएससी, बीमा पॉलिसी, बैंक का फिक्स्ड डिपॉज़िट, शेयर और म्यूचुअल फंड के आधार पर भी लोन लेकर आप धन जुटा सकते हैं।

## ईएमआई से पहले सिप

यदि लोन लेने के लिए आपके पास कुछ भी उपलब्ध नहीं है, तो कुछ वर्षों के लिए लोन लेने के विचार को स्थगित करें। ईएमआई का तनाव लेने से अच्छा है कि आप हर महीने किसी अच्छे इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी यानी सिस्टमैटिक इंवेस्टमेंट की योजना बनाएं।

## आवास योजना भी एक विकल्प है

यह पता लगाएं कि आपके शहर में विकास प्राधिकरण की एलआईजी और एमआईजी आय वर्ग के लिए क्या कोई आवास योजना है। प्रायः सभी बड़े शहरों में निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए आवास योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिन शहरों और क़स्बों में प्राधिकरण नहीं है, वहां हमें प्रधानमंत्री आवास योजना के विषय में पता करना चाहिए। अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत भी सस्ते घर बनाए जा रहे हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत बनाए जा रहे घरों की क़ीमतें काफ़ी किफ़ायती होती हैं।





# दमकती त्वचा का सपना पूरा करेंगे इन फलों के छिलके

आज तक आपने अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए फलों को डाइट में शामिल करने की सलाह तो कई बार सुनी होगी पर क्या आप जानते हैं फल अगर आपको अच्छी सेहत पाने में मदद करते हैं तो फलों के छिलके आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम भी कर सकते हैं। आइए जानते हैं दमकती त्वचा पाने के लिए कैसे करें फलों के छिलकों का इस्तेमाल।

### पपीते का छिलका

चेहरे का रूखापन दूर करके त्वचा का ग्लो बढ़ाने का काम करता है पपीते का छिलका। इसके लिए पपीते के छिलके को सुखाकर बारीक पीस कर इसका पाउडर बना लें। अब दो चम्मच पाउडर में एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर उसका गाढ़ा पेस्ट बनाकर उसे अपने चेहरे पर फेस पैक की तरह लगा लें। पैक सूख जाने पर अपना चेहरा धों लें। चेहरे की टैनिंग हटाने के लिए पपीते के छिलके को पीसकर उसमें नींबू का रस मिला का इस्तेमाल करें।

### संतरे का छिलका

चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे, मुहांसों और टैनिंग से निजात पाने के लिए संतरे के छिलके को पीसकर उसका बारीक पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में 2 चम्मच कच्चा दूध और दो चुटकी हल्दी मिलाकर इस पेस्ट को फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाएं। पैक सूखने पर चेहरे ठंडे पानी से धो लें।

### नींबू का छिलका

टैनिंग दूर करने के लिए नींबू के छिलके को पीसकर उसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर फेस पैक की तरह इस्तेमाल करें।


### केले का छिलका

टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप केले के छिलके के अंदरूनी सफेद भाग को चेहरे पर हल्के हाथों से बीस मिनट तक रगड़ें। इसके बाद चेहरा धो लें। ऐसा करने से चेहरे की चमक बढ़ती है।

### आम का छिलका

चेहरे की झुर्रियों को कम करने के लिए आम के छिलके को पीसकर इसका पेस्ट चेहरे पर लगाने से मुहांसों और झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। इसके लिए आम के छिलके को सुखाकर इसका पाउडर बना कर गुलाब जल के साथ, गेहूं के आटे में मिलाकर चेहरे पर उबटन की तरह इस्तेमाल करें।

# ड्रेस सलेक्ट करते समय रखें कलर का खास ख्याल



करते समय सिर्फ उस आउटफिट के वर्क और स्टाइल पर ही ध्यान नहीं दिया जाता बल्कि उसके कलर का भी खास ख्याल रखा जाता है, क्योंकि हर कलर हर महिला पर सूट करें ये जरूरी नहीं। इसलिए आउटफिट सेलेक्ट करते समय कलर का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। वैसे कलर सिर्फ आपके कॉम्पलेक्शन को ही नहीं, बल्कि फिगर को भी कॉम्प्लीमेंट करता है। जी हां अगर आप स्लिम लुक चाहती है, तो आपको ड्रेस सलेक्ट करते समय उसके कलर का भी खास ख्याल रखना चाहिए। यदि आप कलर पर ध्यान नहीं देती है, तो ये आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता हैं। अगर आपकी बॉडी थोड़ी हैवी है, और आप स्लिम दिखना चाहती है, तो आपको आउटफिट के स्टाइल के साथ ही उसके कलर का खास ध्यान रखने की जरूरत हैं। आइए जानते है कुछ ऐसे कलर के बारे में जो आपको स्लिम लुक दे सकते हैं। अगर आप स्लिम लुक चाहती है, तो अपने वार्डरोब में डार्क कलर को जगह दें। आप डार्क कलर में स्लिम नजर आती है। आप डार्क कलर में ब्लैक, नेवी ब्लू, चॉकलेट ब्राउन या डार्क ग्रे शेड्स चुन सकती है। यह आपको स्लिम लुक देगा। अगर आप स्लिम लुक चाहती है तो मोनोक्रोमैटिक रंग पहनें। मोनोक्रोमैटिक शेड्स पहनने से आपके शरीर का बल्की एरिया पतला नजर आता है। जैसे की हमने पहले ही कहा की कलर के साथ स्टाइल का भी आपको ख्याल रखना है, स्लिम दिखने के लिए सिर्फ एक ही कलर पर आप टिकी न रह जाएं बल्कि इसके बजाय आप डार्क और लाइट शेड्स का कॉम्बिनेशन के साथ भी ट्राई करें। इससे आप स्लिम और स्टाइलिश लुक पा सकती है।



# कैसे बच सकते हैं सायबर किडनैपिंग से

आजकल 'सायबर किडनैपिंग' शब्द काफ़ी चर्चा में है। अन्य ऑनलाइन ठगी की तरह सायबर किडनैपिंग भी सायबर क्राइम का एक तरीक़ा है। इसमें अपराधी इंटरनेट की मदद से व्यक्ति की सारी जानकारी इकट्ठी करता है और फिर उसे कॉल करता है। वह व्यक्ति को धमकाकर, डराकर और परिजनों को नुक़सान पहुंचाने का हवाला देकर उसकी बताई हुई जगह पर जाने के लिए कहता है। वीडियो कॉल या फोटो मांगकर उस पर नज़र रखता है। वहीं दूसरी तरफ़ व्यक्ति के घर पर फोन करके और नक़ली तस्वीरें या वीडियो भेजकर उसके अपहरण का दावा करता है। जबकि असल में अपहरण होता ही नहीं है। कुछ अपराधी पीड़ित व्यक्ति की नक़ली तस्वीर, आवाज़ या वीडियो बनाने के लिए एआई का सहारा ले रहे हैं। अपराधी किसी को भी अपना शिकार बना सकते हैं। लेकिन वो लोग या छात्र अधिक जोखिम में हैं जो परिवार से दूर अन्य राज्य या देश में रहते हैं।

## सोशल मीडिया का सावधानी से इस्तेमाल

सोशल मीडिया या मैसेंजर पर अपनी निजी जानकारी ध्यान से साझा करें। परिवार में कौन, कहां रहता है या दिनचर्या क्या है, इसे साझा करने के बचें। कई लोग घर जाने के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं कि वे कितने दिनों बाद अपने घर-शहर आए हैं। कई लोग अपने प्लानर की तस्वीर भी साझा करते हैं, जिसमें कई ऐसी जानकारियां या दिनचर्या लिखी हो सकती हैं जिन पर अपराधी की नज़र जा सकती है। किसी भी लिंक पर क्लिक करने से बचें। मोबाइल का सॉफ्टवेयर अपडेटेड रखें। मज़बूत पासवर्ड रखें। इनकी मदद से भी ठग आप तक पहुंच सकता है।

## परिवार और ख़ुद को ऐसे सुरक्षित रखें

### पहले सबूत जुटाएं...

ठग से सबूत के तौर पर पीड़ित से बात कराने के लिए कहें। अगर वो किसी और व्यक्ति को पीड़ित बनाकर बात कराए तो उससे निजी सवाल के जवाब मांग सकते हैं। सवाल ऐसे होने चाहिए जिनका जवाब केवल पीड़ित और आप जानते हों, जैसे कि कोई यादगार लम्हा या हास्य पल आदि। अगर बात करने से वो इंकार करता है तो उसे सवाल पूछने के लिए कहें।

### समझदारी से काम लें...

अपराधी की आवाज़ ध्यान से सुनें। उसके बोलने के तरीक़े और पीछे से आने वाली आवाज़ पर ध्यान दें। इससे अपराधी तक पहुंचने में मदद मिल सकेगी। अगर हो सके तो उसी वक़्त दूसरे फोन से पीड़ित से संपर्क करें। उसकी सुरक्षा सुनिश्चित होते ही पता लग जाएगा कि फोन ठगी के लिए है।

### मदद ज़रूर लें...

इस तरह के फोन आने पर घबराएं नहीं। उसके कहने पर फौरन कोई फ़ैसला लेने से बचें। ठग कुछ भी करने के लिए कहता है तो उस समय उसको हां कह दें ताकि उसे लगे कि आप उसकी बात मान रहे हैं। लेकन उसके बाद पुलिस और सायबर सेल की मदद लें।

### परिवार को बताएं...

अगर सायबर किडनैपिंग का शिकार बनाने की मंशा से ठग कॉल करता है तो फौरन इसकी जानकारी परिवार को दें ताकि वे भी सचेत हो जाएं। सबूत के लिए ठग की कॉल रिकॉर्ड करें या मैसेज का स्क्रीनशॉर्ट ले लें।

# एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन का शानदार प्रदर्शन, 7 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक किए हासिल

## तनिष अग्रवाल बने झुंझुनूं जिला टॉपर, चयनित विद्यार्थियों के सम्मान में मनाया गया विजयोत्सव

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य 2026 के परिणाम में झुंझुनूं रोड स्थित एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के अंतर्गत संचालित एमडी करियर लाइन कोचिंग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान के सात विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर जिले में श्रेष्ठता सिद्ध की है। संस्थान के विद्यार्थी तनिष पुत्र संजय अग्रवाल ने 99.86 परसेंटाइल अर्जित कर झुंझुनूं जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही शशांक पुत्र मनोज जांगिड़ ने 99.50, जतिन पुत्र ग्यारसीलाल सैनी एवं राज्यवर्धन पुत्र महिपाल सिंह ने 99.33, उषा पुत्री विजरंदरा सिंह ने 99.30, खुशी पुत्री राकेश गुप्ता ने 99.17 तथा आयुष पुत्र सुभाष शर्मा ने 99.04 परसेंटाइल प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त 18 विद्यार्थियों ने 98 परसेंटाइल से अधिक, 24 विद्यार्थियों ने 97 परसेंटाइल से अधिक तथा 63 विद्यार्थियों ने 95 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया।






### सम्मान समारोह में झलका उत्साह

उत्कृष्ट परिणाम के उपलक्ष्य में संस्थान परिसर में चयनित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उत्साह का माहौल रहा और विद्यार्थी, अभिभावक तथा शिक्षक खुशी से झूम उठे।

### सफलता का श्रेय शिक्षकों व अभिभावकों को

विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता, शिक्षकों तथा संस्थान के अध्यक्ष सुनील कुमार डांगी के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन व्यवस्था को दिया। संस्थान प्रबंधन के अनुसार एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन अनुशासित वातावरण, अनुभवी शिक्षकों एवं नवीन शिक्षण पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कर रहा है। वर्तमान में कक्षा 6 से 10 तक पूर्व आधार कक्षाएं तथा 11वीं 12वीं के लिए आधार एवं लक्ष्य बैच संचालित किए जा रहे हैं।कार्यक्रम में संस्थान के समस्त स्टाफ सदस्य, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चिड़ावा की परमहंस कैरियर प्वाइंट (PCP)के जीशान बेग 98.047 परसेंटाइल के साथ जेईई मेंस जनवरी सेंशन में बना टॉपर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**



शहर के मंड्रेला रोड स्थित परमहंस करियर प्वाइंट (PCP) के फाउंडेशन बैच से 12वीं के साथ 17 विद्यार्थियों का जेईई मेंस जनवरी सेशन में सिलेक्शन हुआ है।इसमें जीशान बेग ने 98.047 परसेंटाइल, नकुल राज ने 96.51 परसेंटाइल ,तरुण चौधरी ने 94.52 परसेंटाइल,धनराज शर्मा ने 92.38 परसेंटाइल ,शांतनु कुमार ने 92.43 परसेंटाइल, मोहित बसेरा ने 90.85 परसेंटाइल मन्नू कुमारी ने 90.41 परसेंटाइल स्कोर किया। इसी प्रकार संस्था के 9 अन्य विद्यार्थियों ने 12वीं के साथ जेईई मैंस क्वालीफाई किया। जो कि चिड़ावा के लिए ऐतिहासिक परिणाम है।इस अवसर पर निदेशक जांगिड़ ने बताया की 12वीं कक्षा के साथ इतनी अधिक संख्या में सिलेक्शन होना एक अच्छे शैक्षिक वातावरण का परिणाम है। संस्थान निदेशक ने बताया कि इससे पूर्व भी एनटीए द्वारा घोषित नीट परीक्षा परिणाम में पीसीपी कोचिंग के ईशु व खुशबू ने एमबीबीएस मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लिया है। जो कि यहां के मजबूत फाउंडेशन का प्रमाण है। संस्था में कक्षा 6 से 10 के लिए प्री फाउंडेशन, कक्षा 11 वी 12 वी फाउंडेशन के लिए नये बैच संचालित है। परमहंस करियर प्वाइंट (PCP ) अनुशासन, संस्कार के नाम से जानने वाले चिड़ावा की सर्वश्रेष्ठ संस्था है। संस्था में 6 मार्च से जेईई व नीट के टारगेट बैच संचालित होंगे इस अवसर पर संस्था परिसर में मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# तालुका विधिक सेवा समिति ने लंबित प्रकरणों व प्री लिटिगेशन प्रकरणों के डोर स्टेप काउंसिल कैंप का किया आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा 14 मार्च को आयोजित होने वाली वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत के संदर्भ में जारी निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर के तत्वावधान मे तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ की ओर से पंचायत समिति के सभागार में तालुका स्थित न्यायालयों में लंबित प्रकरणों एवं सभी प्रकार के प्री लिटिगेशन प्रकरणों के लिए डोर स्टेप काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया।तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ सचिव सुरभि महला ने बताया कि तालुका अध्यक्ष सुश्री श्वेता शर्मा एडीजे के निर्देशन में कैंप की अध्यक्षता तालुका लक्ष्मणगढ़ के पैनल अधिवक्ता ने की। अधिवक्ता ने सभागार में उपस्थित जनों को लोक अदालत की महता बताते हुए न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को लोक अदालत द्वारा निस्तारित करवा कर सुलभ ओर शीघ्र न्याय न्याय प्रक्रिया की जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता बाबूलाल ढाका एडवोकेट मंचस्थ अतिथि थे। एवं पंचायत समिति के ग्राम विकास अधिकारी एवं अनेक अधिकारी मौजूद थे।

# विभागीय पदोन्नति में मंडीवाल बनें सब इंस्पेक्टर



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

रिणू गांव निवासी सुरेश कुमार मंडीवाल को मिली विभागीय पदोन्नति में सब इंस्पेक्टर बनें है । मंडीवाल हैड कांस्टेबल के पद पर पांचवी बटालियन आरएसी जयपुर में पदस्थापित हैं तथा वर्तमान में मिली विभागीय पदोन्नति में प्लाटून कमांडर एस आई के पद पदोन्नति मिली है । वर्तमान में मंडीवाल फतेहपुर के लक्ष्मीनाथ नगर गणेश मंदिर के पास वार्ड 52 के निवासी हैं

# बजट 2026-27: पिलानी विधानसभा में सड़कों का जाल बिछेगा, डिप्टी सीएम ने दी करोड़ों की सौगात

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।**



राजस्थान सरकार के बजट 2026-27 के सामान्य वाद-विवाद के दौरान पिलानी विधानसभा क्षेत्र के लिए राहत भरी खबर आई है। प्रदेश की डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने विधानसभा में क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़कों के लिए भारी बजट आवंटित कर विकास कार्यों को नई गति प्रदान की है। इस घोषणा के बाद पिलानी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है।बजट घोषणा के अनुसार, क्षेत्र की कनेक्टिविटी सुधारने के लिए गोकुल का बास से पीपली- 8 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण हेतु 2.40 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। स्यालू कलां से सेही कलां, उधमपुरा (रामरख की ढाणी) तक 1 किलोमीटर सड़क हेतु 50 लाख रुपये की राशि दी गई है। भाजपा नेता राजेश दहिया ने इन घोषणाओं का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस निर्णय पर खुशी जताते हुए इसे लंबे समय से लंबित मांग का समाधान बताया है।

# माकपा ने गनेडी के ज्वैलर के साथ हुई लूट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



माकपा के कॉमरेड विजेंद्र ढाका ने प्रेस बयान जारी कर बताया की माकपा के प्रतिनिधिमंडल ने गनेडी गांव पहुंचकर पीडित ज्वैलर पंकज सोनी से मुलाकात कर घटना की निंदा की।उन्होंने बताया कि पिछले दिनो गनेडी गांव के ज्वैलर पंकज सोनी पर बाइक सवार लूटेरो ने हमला कर बडी वारदात को अंजाम दिया था। उसके बावजूद तीन दिन बीत जाने के बाद भी लुटेरे बदमाश पुलिस कि गिरफ्त से दूर है यह बडा चिंताजनक और पुलिस पर सवालिया निशान है । उन्होंने प्रशासन से मांग कि की हर दिन एक पर एक घटना को अंजाम दिया जा रहा है तथा पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है जिसको बर्दाशत नही किया जायेगा ।प्रशासन जल्द से जल्द कार्रवाई करें अन्यथा आमजन के साथ मिलकर मजबूती से लडाई लडेगी।इस दौरान पार्टी के तहसील सचिव बनवारी लाल नेहरा, मोहन सिंह फोजी, महेंद्र शर्मा, देवराज हुडा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव आज, प्रसिद्ध गायक पवन शर्मा निर्मल के नेतृत्व भजनों से बाबा श्याम को रिझायेंगे, श्याम निशाना पदयात्रा कल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

मोदी परिवार की ओर बुधवार 18 फरवरी को रात्रि 9 बजे से बैरागडा भवन के पास निज निवास स्थान पर श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया है। महोत्सव में सुप्रसिद्ध गायक पवन शर्मा निर्मल के नेतृत्व में भजनों की प्रस्तुति देकर बाबा श्याम को रिझायेंगे। महोत्सव में विशेष आकर्षण बाबा श्याम का अलौकिक दरबार सजाया जायेगा तथा बाबा के संग फूलों की होली खेली जाएगी। जबकि गुरुवार 19 फ़रवरी को प्रातः 5.30 बजे भव्य निशान यात्रा रींगस से प्रारंभ होकर खाटूधाम पहुँचेगी। जहाँ श्रद्धापूर्वक निशान अर्पित किए जाएंगे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 फरवरी तक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



**भांडोरिया ।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के तहत अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं,पात्र विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। डीसी अभिषेक मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत सरकारी अथवा निजी शिक्षण संस्थाओं में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रवृति प्रदान की जाती है। पात्र विद्यार्थी 28 फरवरी तक पंजीकरण अवश्य करें ताकि वे आर्थिक वजह से उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहें। उन्होंने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के लिए छात्र को पीएमएस-एससी के लिए अनुसूचित जाति श्रेणी और पीएम-यशस्वी घटक-2 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग या विमुक्त जनजाति से संबंधित श्रेणी से होना चाहिए, छात्र हरियाणा राज्य का निवासी हो और छात्र की वार्षिक पारिवारिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए से अधिक न हो। वह पात्र शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए 28 फरवरी तक www.scholarships.gov.in पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# उप मुख्यमंत्री ने विधानसभा में की कई घोषणाएं: कोलायत विधानसभा को मिला जीएसएस, पेयजल सुदृढ़ीकरण के लिए पांच करोड़ स्वीकृत

## विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का जताया आभार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**



**सोहनलाल परिहार ।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विधानसभा में कई घोषणाएं की। इसमें कोलायत विधानसभा के लिए भी घोषणाएं हुई हैं। कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री ने सेवड़ा (कोलायत) के लिए राजीव गांधी लिफ्ट नहर पेयजल सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 5 करोड़ रुपए की घोषणा की है। इसी प्रकार बिजेरी (बज्जू) के लिए 33/11 केवी जीएसएस स्वीकृत किया गया है। श्री भाटी ने कहा कि दोनों कार्यों की स्वीकृति से क्षेत्र में पेयजल और विद्युत तंत्र में सुधार होगा, जिससे आमजन को राहत मिलेगी। कोलायत विधायक ने इसके लिए राज्य सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गत सवा दो वर्षों में कोलायत विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। मुख्य बजट के पश्चात आज की घोषणाओं से स्थानीय नागरिकों को लाभ होगा।

# युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष गोरा का किया स्वागत



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा का एन एच 52 स्थित निजी होटल पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। भाजयुमो शहर मंत्री मुकुल मनोज शर्मा ने बताया कि भाजयुमो शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत जाजोदिया के नेतृत्व में युवाओं ने जोशीले नारो के साथ माला,साफा,पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर भाजपा ज़िलाध्यक्ष मनोज बाटड़ व युवा मोर्चा ज़िलाध्यक्ष स्वदेश शर्मा का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला उपाध्यक्ष अलका मनोज शर्मा , भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, पूर्व मंत्री सूर्यप्रकाश महर्षि, युवा मोर्चा के विक्की बिवाल, कुम्हार महासभा के हरिराम प्रजापत, कृष बागड़ी, प्रेम जांगिड, करुण जोशी, अभिषेक जोशी, उमेश जोशी, रवि सैनी, रौनक सैनी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# सूरजगढ़ क्षेत्र की लाडली प्राचिका साईपंवार ने JEE Main 2026 में रचा इतिहास, 99.77 पर्सेंटाइल से बढ़ाया मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।**



सूरजगढ़ क्षेत्र के स्वामी सेही गांव की लाडली बेटी प्राचिका साईपंवार ने JEE Main 2026 में 99.77 पर्सेंटाइल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस शानदार उपलब्धि से पूरे सूरजगढ़ क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। प्राचिका, विरेंद्र साईपंवार (उम्मेद साईपंवार) की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय सीकर के मैट्रिक्स संस्थान के शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा माता-पिता, दादा-दादी और नाना-नानी के आशीर्वाद को दिया। प्राचिका ने बताया कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। परिणाम घोषित होते ही गांव और आसपास के क्षेत्र में बधाइयों का तांता लग गया। परिजनों और शिक्षकों ने इसे प्राचिका की मेहनत, लगन और समर्पण का प्रतिफल बताया। सूरजगढ़ क्षेत्र की इस लाडली बेटी ने साबित कर दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, बस जरूरत है सही मार्गदर्शन और मजबूत हौसलों की।

# पालनहार योजना में वार्षिक सत्यापन करवाने के निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार ।** जिले में पालनहार योजना के तहत शैक्षणिक सत्र2025-26 के लिए लाभांवित हो रहे कुल 13 हजार 575 बच्चों का वार्षिक सत्यापन किया जाना है। अब तक इनमें से 12 हजार 445 का ही वार्षिक सत्यापन हुआ है। शेष 1 हजार 130 बच्चे वार्षिक सत्यापन से वंचित हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित पालनहार योजना में विभिन्न श्रेणी के बालक-बालिकाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। इनमें अनाथ बालक/बालिका, पेंशन प्राप्त कर रही तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला के बच्चे, पुनर्विवाहित विधवा माता के बच्चे, नाता जाने वाली माता के बच्चे, विशेष योग्यजन माता/पिता के बच्चे आदि सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा इन श्रेणियों के बालक-बालिकाओं को परिवार के अन्दर समुचित देखरेख, संरक्षण एवं शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये प्रति माह आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया है। पालनहार योजना के संचालन के लिए संशोधित नियम, 2022 के नियम 9 ऑनलाइन आवेदन एवं अनुदान प्रक्रिया के अनुसार आवेदक द्वारा स्वयं के जीवित होने एवं बालक-बालिकाओं के आंगनबाड़ी केन्द्र के पंजीकृत/विद्यालय में अध्ययनरत रहने का वार्षिक नवीनीकरण (सत्यापन) करवाना अनिवार्य है जिससे कि समस्त पात्र पालनहार लाभार्थियों को विभाग की कल्याणकारी योजना का लाभ समय पर प्राप्त हो सके अतः शीघ्र पालनहार वार्षिक सत्यापन करवाऐं। उन्होंने बताया कि भौतिक सत्यापन करवाने के लिए शाला दर्पण पोर्टल पर आधार नम्बर, अपडेट किये गये बच्चों का शाला दर्पण से स्वतः वार्षिक सत्यापन हो जायेगा। उन्हें अलग से सत्यापन करवाने की आवश्यकता नहीं है। जिन बच्चों के आधार नम्बर शाला दर्पण पर अपडेट नहीं है, उनके आधार नम्बर शाला दर्पण पर अपडेट करवाये जाने है। एसजेएडी पालनहार स्कीम एप के माध्यम से फेस रिकग्निशिन प्रक्रिया के द्वारा शेष रहे पालनहार बच्चों का सत्यापन करवाया जा सकता है। जिन पालनहार बच्चों का वेबसर्विस/ऐप के माध्यम से वार्षिक भौतिक सत्यापन/नवीनीकरण रिन्यूअल नहीं किया गया है, ऐसे पालनहार बच्चों का पृथक से ई-मित्र कियोस्क केन्द्र पर अध्ययनरत प्रमाण पत्र अपलोड कर विभाग के संबंधित ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा कार्यालय में जाकर वार्षिक भौतक सत्यापन/नवीनीकरण करवाये जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालय में अध्ययनरत पालनहार योजना से लाभांवित बच्चों का का व उप निदेशक महिला बाल विकास को 0-6 वर्ष के आंगनबाड़ी में पंजीकृत बच्चों का वार्षिक सत्यापन करवाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# 19 फरवरी को गांव मालपुरा में प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम

## डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ग्रामीणों से करेंगे सीधा संवाद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया ।** जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार, 19 फरवरी को गांव मालपुरा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगराधीश जितेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा।सीटीएम ने बताया कि हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# शाहजहाँपुर में विराट हिंदू सम्मेलन: भव्य कलश यात्रा निकाली गई, सैकड़ों लोगों ने लिया भाग

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**




**रमेशचंद ।** नीमराना उपखंड क्षेत्र के शाहजहाँपुर मे 17 फरवरी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के तत्वावधान में मंगलवार को शाहजहाँपुर कस्बे में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचीन श्याम मंदिर से नाहरेड़ा तालाब तक महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर, हाथों में भगवा पताकाएं लेकर धार्मिक नारों के साथ श्रद्धा और उत्साहपूर्वक यात्रा निकाली। कलश यात्रा श्याम मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होती हुई नाहरेड़ा तालाब स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कस्बे एवं आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहादुर सिंह कावत ने की। इस अवसर पर आरएसएस के जिला कार्यवाह मनोज यादव, महाराज फूलनाथ (कुड़ी तिबारा, जाट बहरोड़), महाराज धर्मानंद (खेतानाथ आश्रम, पलावा), महाराज भगवानदास (नाहरेड़ा तालाब, शाहजहाँपुर), यादव समाज अध्यक्ष जगमाल सिंह यादव, राजपूत सभा अध्यक्ष शिशन सिंह शेखावत, हॉकी कोच हरिपाल मीणा, पूर्ण पंडित, लीलाराम चौधरी, विजयप्रकाश सैन, वज़ीर सिंह, पंडित निखिल शर्मा, लक्ष्मीनारायण हिन्दू, पूर्व पंच राजेन्द्र यादव, रितेश सोनी, अनिल वाल्मीकि, जीवन वाल्मीकि, कृष्ण शर्मा, भाया शर्मा, अभिषेक कौशिक, महेन्द्र सिंह, गौरव पंडित, पंडित धीरज शास्त्री, पंडित गोपाल शर्मा, पंडित अखलेश शर्मा, संदीप जांगिड़, दिनेश सैन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा संगठन की मजबूती पर जोर दिया। साथ ही आयोजकों ने ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज को संगठित करने और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का आह्वान किया। यह सम्मेलन धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का संदेश देने वाला रहा।

# ईओ सुशील कुमार ने डीएमसी ब्रह्मप्रकाश पर प्रताड़ित करने के लगाए गंभीर आरोप

## ईओ ने डीएमसी के कार्यशैली पर भी खड़े किए कई बड़े सवाल



भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।

**भांडोरिया ।** नगर परिषद रेवाड़ी में चार माह के अवैतनिक अवकाश पर गए जेई हैप्पी को दो माह का वेतन जारी करने के मामले में शिकायत के बाद 10 फरवरी को जेई और अकाउंटेंट को सस्पेंड कर दिया गया था। इस शिकायत में ईओ पर भी आरोप लगे थे। जिसके बाद अपनी ट्रांसफर से पहले ईओ सुशील कुमार ने डीएमसी ब्रह्मप्रकाश पर प्रताड़ित करने और मां-बहन की गालियां देने सहित कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि डीएमसी ब्रह्मप्रकाश द्वारा उन्हें इतना प्रताड़ित किया गया कि उन्होंने त्यागपत्र तक लिख दिया था लेकिन जिला उपायुक्त ने दोनों का पक्ष सुनने के बाद समझौता करवा दिया था। बावजूद इसके उन्हें डीएमसी की ओर से लगातार परेशान किया जा रहा है। वहीं उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों पर बोलते हुए कहा कि उनके ऊपर नगर परिषद के कुछ भ्रष्ट कर्मचारी ही भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं लेकिन आज तक कोई भी आरोप सिद्ध नहीं कर पाए। ईओ ने कहा कि नगर परिषद में कुछ कर्मचारी दलालों के साथ मिलकर पैसे वसूलते थे। उन्होंने ऐसे कर्मचारियों को हटाकर नए कर्मचारी लगाए, जिससे नाराज होकर उनके खिलाफ झूठ फैलाया जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति दलालों के चक्कर में ना आए। वह अपना वैध काम सीधे नगर परिषद में आकर करवा सकते हैं। ईओ ने प्रशासन और सरकार से भी अपने उत्पीड़न को रोकने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उनके मामले में इतना सब कुछ होने के बाद भी उन्होंने ब्रह्मप्रकाश के खिलाफ एससी एसटी व अन्य शिकायतें कहीं भी नहीं दी जबकि ब्रह्म प्रकाश द्वारा बार-बार इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं।

वहीं ईओ सुशील कुमार ने नगर परिषद के जेई हैप्पी द्वारा चार माह की अवैतनिक छुट्टी जाने के दौरान दो माह का वेतन देने पर हुई चूक पर कहा कि यह अकेले उनकी नहीं बल्कि सबकी जिम्मेदारी थी। उन्होंने कहा कि जेई ने किसी प्रकार का कोई गबन नहीं किया। यहाँ तक कि जेई द्वारा पूरा वेतन ब्याज सहित नगर परिषद के कोष में वापस जमा कर दिया गया है जो कि किसी गबन की श्रेणी में नहीं आता। उन्होंने कहा कि इसके लिए डीएमसी ब्रह्मप्रकाश भी जिम्मेदार है क्योंकि डीएमसी द्वारा आज तक भी जेई की छुट्टी स्वीकृत करके नगर परिषद कार्यालय में नहीं भेजी गई। यहां बता दें कि शहरी स्थानीय निकाय के महानिदेशक अशोक मीणा ने कुछ दिन पहले ही अवैतनिक अवकाश के दौरान जेई हैप्पी को दो महीने की सैलरी लेने और अकाउंटेंट जितेंद्र द्वारा जारी करने को लेकर सस्पेंड कर दिया था। इस मामले में ईओ सुशील कुमार का नाम भी काफी चर्चा में रहा।

■ इस मामले में ईओ सुशील कुमार ने डीएमसी ब्रह्मप्रकाश द्वारा हेड ऑफिस को अधूरे तथ्य भेजने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अगर डीएमसी द्वारा सभी तथ्य हेड ऑफिस को भेजे जाते तो इस तरह की कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने यह भी कहा कि डीएमसी कार्यालय से हुई गलती का खामियाजा नगर परिषद के अधिकारी भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीएमसी की कार्यशैली इससे पहले भी विवादों में घिरी रही है। सार्वजनिक रूप से गाली लिखने के एक मामले में इन्हें सरकार द्वारा सस्पेंड भी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि डीएमसी ब्रह्मप्रकाश द्वारा कौशल रोजगार योजना के तहत उनके कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत राहुल के साथ भी मारपीट व गाली गलौज करते हुए नियमों को ताक पर रखकर सस्पेंड कर दिया गया था। जब उनको पता चला कि वह इस मामले में सक्षम अधिकारी नहीं है तो उसको बहाल करते हुए धारूहेड़ा नगर पालिका में तैनात कर दिया गया जोकि सरकार द्वारा बनाए गये नियमों के खिलाफ है। ईओ सुशील कुमार ने कहा कि इसके अलावा नगर परिषद में एनयूएलएम में कार्यरत लवकुश को भी मां बहन की गालियां देने के साथ टर्मिनेट करने की धमकी दी गई। जिससे संबंधित कर्मचारी अपनी जीविका चलाने के लिए मजबूर डीएमसी के खिलाफ बोलने में अपनी असमर्थता जताई है। वहीं इस पूरे घटनाक्रम के बीच डिपार्टमेंट ऑफ़ अर्बन लोकल बॉडीज द्वारा नगर परिषद रेवाड़ी के ईओ सुशील कुमार का सोमवार की सांय हेड क्वाटर पंचकूला में ट्रांसफर कर दिया गया है। इनके स्थान पर नगर परिषद झज्जर में कार्यरत देवेंद्र कुमार को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

■ वहीं इस मामले में डीएमसी ब्रह्मप्रकाश का कहना है कि नियम एवं कानून का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई का प्रावधान है और इस प्रावधान के अनुरूप कार्रवाई की जाती है। जब संबंधित अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए तो उन्होंने अपनी रिपोर्ट निदेशालय को भेज दी थी। ईओ से उनका कोई व्यक्तिगत द्वेष नहीं है। उन्होंने मीडिया में जो भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं उन सभी के बारे में उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।

# मण्डावा से खाटू धाम के लिए निशान यात्रा 19 को

भीम प्रज्ञा न्यूज.मण्डावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** श्री श्याम सेवा समिति, मण्डावा की ओर से प्रतिवर्ष की भांति आयोजित होने वाली खाटू श्याम पद निशान यात्रा इस वर्ष भी आगामी 19 फरवरी को 151 निशान यात्रा खाटू श्याम के लिए रवाना होगी। प0 चौथमल शर्मा ने बताया की आगामी 19 फरवरी को सुबह सात बजे निशानों की पूजा- अर्चना के साथ खेमाणियों के कुएं के निकट राजेश सैन के घर से रवाना होगी तथा नौ बजे सीयारामजी की बगीची में निशान यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इससे पूर्व 18 फरवरी को भजन कीर्तन सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित होगे।

# कांग्रेस नेत्री सुषमा बरूपाल का आकस्मिक निधन

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।



**सोहनलाल परिहार ।** बीकानेर जिले की खाजूवाला विधानसभा 2008 क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी और वरिष्ठ नेत्री सुषमा बरूपाल का आज उनके निवास स्थान पर आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से राजनीतिक गलियारों और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सुषमा बरूपाल की पहचान एक बेहद सक्रिय और कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में थी। उन्होंने पार्टी में विभिन्न पदों पर रहते हुए जमीनी स्तर पर कार्य किया। उनके प्रमुख योगदानों में उन्होंने खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था। वर्तमान में वे राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति संगठन के महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रही थीं। उन्हें एक मुखर और सक्रिय कार्यकर्ता माना जाता था, जो सदैव कार्यकर्ताओं और जनता के बीच उपलब्ध रहती थीं। 'सुषमा का जाना कांग्रेस परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना जीवन समाज के वंचित वर्गों की आवाज उठाने में समर्पित कर दिया। उनके आकस्मिक निधन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी ने एक संघर्षशील महिला नेतृत्व को खो दिया है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को यह आघात सहने की शक्ति दे।

# झाड़ साहब गुरुद्वारा अमावस्या मेले में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़, पुलिस की विशेष गश्त जारी

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध

भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।




**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में अमावस्या मेले के अवसर पर झाड़ साहब गुरुद्वारा परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए विशेष गश्त (ड्यूटी) लगाई गई है। गुरुनानकपुरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गुरुद्वारा परिसर, मुख्य मार्गों, पार्किंग स्थलों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है और भीड़ को सुव्यवस्थित ढंग से नियंत्रित किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। वाहन चालकों को निर्धारित स्थानों पर ही वाहन खड़ा करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और शांति व सहयोग बनाए रखें। मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है।

# एग्री स्टैक योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जाए: डीसी

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।




**भांडोरिया ।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा किसानों को एग्रीस्टैक योजना के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को एग्रीस्टैक से जोड़ा जाए, ताकि किसानों को भूमि रिकॉर्ड और फसल संबंधी जानकारी एक क्लिक पर मिलने के साथ ही सरकार की योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध हो सके।डीसी अभिषेक मीणा मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ ततीमा अपडेटेशन, मॉर्डन राजस्व रिकॉर्ड रूम, इंतकाल, पेपरलेस रजिस्ट्री व एग्री स्टैक सहित अन्य कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। डीसी ने कहा कि एग्री स्टैक से किसानों को जोड़ने का उद्देश्य एक डेटाबेस तैयार करना है, जिसमें किसानों की पहचान, भूमि रिकॉर्ड और फसल संबंधी जानकारी एक क्लिक करने पर मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों को पारदर्शी व सुगम राजस्व सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं। बैठक से पहले वित्त आयुक्त राजस्व एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने प्रदेशभर के जिला उपायुक्त के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राजस्व विभाग संबंधित गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। डीसी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व विभाग से संबंधित जो भी केस लंबित है उनका जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि ततीमा को तय समय में पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ततीमा अपडेशन बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे संबंधित विभागीय अधिकारी गंभीरता से लेते हुए कार्य पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने लंबित पार्टिशन व इंतकालों को भी जल्द से जल्द निपटान करने के निर्देश दिए।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नागरिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से पेपरलेस सिस्टम शुरू किया गया है, जिसके तहत नागरिकों को पारदर्शी व सुगम राजस्व सेवाएं दी जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयबद्ध निपटान करते हुए पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया में तेजी लाएं। यदि किसी प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री होती है तो उसके तुरंत बाद ऑनलाइन इंतकाल करना सुनिश्चित करें ताकि भूमि रिकॉर्ड निर्धारित समय में अपडेट हो सके। उन्होंने जिला राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए कि वे सभी तहसीलों में हो रही पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि तहसीलों में सरल, निश्चित और प्रभावी प्रक्रिया की जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि राजस्व विभाग से संबंधित इंतकाल, ततीमा, पार्टीशन केस से संबंधित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करे। बैठक में सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीआरओ प्रदीप देशवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 510 स्काउट गाइड्स को मिला राज्य पुरस्कार अवार्ड : राज्यपाल ने किया राज्य पुरस्कार अवार्ड से सम्मानित

भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।



राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र जगतपुरा जयपुर में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन महामहिम राज्यपाल हरीभाऊ बागडे के मुख्य आतिथ्य एवं राजस्थान सरकार के राज्य मंत्री ओटाराम देवासी की अध्यक्षता तथा स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य के विशिष्ट आतिथ्य में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

सी. ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस कार्यक्रम में झुंझुनू जिले के कानोड़िया कॉलेज मुकुंदगढ़ के रोवर अंकित कुमार, एसएनएमटी गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज झुंझुनू की रेंजर प्रगति शर्मा, जीपीएस पोदार स्कूल नवलगढ़ के जयंत, जतिन स्वामी, दिग्विजय सिंह शेखावत, यश जांगिड़ तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुल्ताना की गाइड कोमल कंवर,चीनू सैनी को राज्य पुरस्कार अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया तथा स्काउट गाइड के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया को मेडल ऑफ मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया। राज्य स्तरीय पुरस्कार सम्मान समारोह में जिले से गाइड कैप्टन अनीता कटेवा एवं स्काउट प्रभारी रौनक वर्मा के नेतृत्व में स्काउट गाइड, रोवर्स रेंजर्स ने सहभागिता की। सी.ओ.कालावत ने बताया कि जिले के 271 स्काउट, 167 गाइड्स, 44 रोवर्स, 28 रेंजर्स इस प्रकार कुल 510 स्काउट गाइड ,रोवर रेंजर को राज्य पुरस्कार अवार्ड से माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र जारी किए गए। सभी के प्रशस्ति पत्र जिला कार्यालय में उपलब्ध हो चुके हैं संबंधित विद्यालयों के प्रभारी अधिकारी कार्यालय समय में राज्य पुरस्कार अवार्ड प्राप्त कर सकते हैं। जिले की इस विशिष्ट उपलब्धि पर जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा,स्काउट जिला अध्यक्ष गंगाधर सिंह सुंडा, जिला कमिश्नर रोवर एवं मोरारका कॉलेज प्राचार्य सुरेंद्र न्योला, एसएनएमटी गर्ल्स कॉलेज झुंझुनू प्राचार्य डॉ.रामकुमार सिंह, कानोड़िया कॉलेज प्राचार्य डा.बी. डी. शर्मा, बालिका स्कूल सुल्ताना प्रधानाचार्य रविंद्र मीणा, जीपीएस पोदार स्कूल प्रधानाचार्य जीन जी. के., सी. ओ. गाइड प्रियंका कुमारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त चिरंजीलाल शर्मा,रेंजर लीडर डॉ. अभिलाषा आबूसरिया, रोवर लीडर, डॉ.मांगू सिंह शेखावत, स्काउट गाइड कमिश्नर्स, सचिवों सहित अनेक पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं को लेकर फतेहाबाद पुलिस की कड़ी मुस्तैदी

भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के सख्त निर्देशन एवं सतत मॉनिटरिंग में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं दिनांक 17 फरवरी से 11 अप्रैल तक जिलेभर में आयोजित की जा रही हैं। परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए फतेहाबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है और व्यापक सुरक्षा प्रबंध लागू किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के स्पष्ट निर्देश हैं कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, नकल प्रयास या कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी कड़ी में जिले के सभी 14 परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त जवानों के साथ विशेष निगरानी रखी जा रही है।


र परीक्षा केंद्र के आसपास नियमित गश्त, चेकिंग अभियान और संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी की जा रही है। सादे कपड़ों में पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है, ताकि असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। पुलिस अधिकारियों द्वारा समय-समय पर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। परीक्षा अवधि के दौरान जिलेभर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु बीएनएसएस की धारा 163 लागू की गई है। इसके तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़, हथियारों की मौजूदगी या किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। परीक्षा समय में प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक पुलिस की विशेष तैनाती की गई है, ताकि परीक्षार्थियों को समय पर केंद्र तक पहुंचने में कोई बाधा न आए। साथ ही, परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए भी प्रभावी कदम उठाए गए हैं।

फतेहाबाद पुलिस ने अभिभावकों एवं आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न करें, अफवाहों से दूर रहें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस हेल्पलाइन पर दें। फतेहाबाद पुलिस का लक्ष्य विद्यार्थियों को पूर्णतः सुरक्षित, अनुशासित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। जिला पुलिस पूरी मुस्तैदी, सतर्कता और प्रतिबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रही है, ताकि प्रत्येक परीक्षार्थी आत्मविश्वास के साथ अपनी परीक्षा दे सके।

# गांवों में विकसित हो रहा विश्वस्तरीय खेल ढांचा: सुभाष बराला

## सांसद सुभाष बराला ने गांव बैजलपुर में तीसरे विशाल खेल मेला में खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना/भूना।



**रजत विजय रंगा ।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने गाँव बैजलपुर में आयोजित तीसरे विशाल खेल मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खेल मैदान में पहुंचने पर ग्रामीणों, युवाओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि खेल केवल शारीरिक मजबूती का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की आधारशिला हैं। खेलों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत सिरसा लोकसभा क्षेत्र के युवाओं का पंजीकरण देशभर में टॉप टेन में रहा, जो इस क्षेत्र की बढ़ती खेल चेतना और युवा ऊर्जा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य युवाओं को भी खेलों की ओर प्रेरणा मिल रही है। सांसद ने कहा कि उनका प्रयास केवल प्रतियोगिताओं के आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित करना भी प्राथमिकता है। इसी दिशा में बैजलपुर में हॉकी का आधुनिक सिंथेटिक ट्रफ मैदान स्थापित किया गया है। यह सुविधा स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के अनुरूप अभ्यास का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीण प्रतिभाओं को बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, बल्कि अपने ही क्षेत्र में उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त भुना और आसपास क्षेत्र में भी खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। भुना के राजकीय कॉलेज में फुटबॉल का आधुनिक सिंथेटिक ट्रफ मैदान निर्माणाधीन है, जो पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी सौगात सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से ग्रामीण युवाओं को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल मिलेगा और वे राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने गाँव में स्थापित आधुनिक जिम का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि फिटनेस किसी भी खिलाड़ी की सफलता का मूल आधार है और यह जिम युवाओं को नियमित अभ्यास एवं शारीरिक सुदृढ़ता के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, अनुशासित जीवनशैली अपनाने और खेलों के माध्यम से अपने जीवन को नई दिशा देने का आह्वान किया। सांसद बराला ने विश्वास व्यक्त किया कि खेलों के प्रति बढ़ती जागरूकता और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार से यह क्षेत्र आने वाले समय में खेल प्रतिभाओं का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, गांव के सरपंच हेमंत बैजलपुरिया, गुलशन हंस, मोलू राम रुल्हानिया, कंवल चौधरी, जयदीप बराला सहित ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, खेल आयोजन समिति के सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# टोहाना मेन मार्केट में नो पार्किंग नियम लागू

## यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई अव्यवस्थित पार्किंग पर चालान व क्रेन कार्रवाई की चेतावनी

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।




**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा निर्देशन में यातायात पुलिस टोहाना द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में टोहाना के मेन मार्केट क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए 'नो पार्किंग' के बोर्ड स्थापित किए गए हैं। पुलिस का उद्देश्य बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति को समाप्त करना तथा आमजन को सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात सुविधा उपलब्ध करवाना है। थाना यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि मेन मार्केट क्षेत्र में बिना निर्धारित पार्किंग के वाहन खड़े किए जाने के कारण आमजन, दुकानदारों तथा राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। कई बार आपातकालीन वाहनों जैसे एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड को भी मार्ग मिलने में कठिनाई आती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट रूप से 'नो पार्किंग' बोर्ड लगाए गए हैं तथा नियमित गश्त कर निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालक अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर क्रेन की सहायता से गलत तरीके से खड़े वाहनों को उठाकर निर्धारित स्थान पर ले जाया जाएगा, जिसका खर्च संबंधित वाहन मालिक को वहन करना होगा। यातायात पुलिस टोहाना ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि शहर सुचारू एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# टोहाना नया बाजार एसोसिएशन द्वारा भव्य होली महोत्सव 22 को

## मुख्य अतिथि अनिल मेहता (मेहता बूट हाउस वाले) होंगे

## संतों के सान्निध्य में होगा सत्संग व भंडारा

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।

**रजत विजय रंगा ।** शहर में होली पर्व को आध्यात्मिक रंगों में रंगने के उद्देश्य से नया बाजार एसोसिएशन टोहाना की ओर से 22 फरवरी 2026 (रविवार) को भव्य होली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन नया बाजार, टोहाना में सायं 4 बजे से 7 बजे तक किया जाएगा, जिसमें संतों के सान्निध्य में सत्संग, कथा व भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल मेहता (मैहता बूट हाऊस, टोहाना) होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संजीव भाटिया करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद अमित भाटिया, राजेश सोनी, गौरव गर्ग, राजू साऊंड वाले, गर्ग क्लॉथ एम्पोरियम वाले शिरकत करेंगे। इस अवसर पर कथा वाचन का दायित्व संत सर्वयोगा नन्द जी निभाएंगे। वहीं धर्म प्रमुख एवं सेवक के रूप में संत सुखदेवानन्द जी महाराज (कुटिया शांत सरोवर, टोहाना) श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान करेंगे आयोजकों के अनुसार 'होली के रंग संतों के संग की भावना के साथ यह महोत्सव आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश देगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों के पहुंचने की उम्मीद है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सत्संग व भंडारे की समुचित व्यवस्था की गई है। नया बाजार एसोसिएशन के सदस्यों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन का लाभ उठाएं और होली पर्व को सद्भाव के साथ मनाएं।

# जिले में अटेली व महेंद्रगढ़-2 नाम के दो बिजली डिवीजन बनेंगे, निगम ने पत्र जारी किया

## अटेली क्षेत्र में लंबे समय से मांग थी बिजली डिवीजन

भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का अटेली में बिजली डिवीजन कार्यालय होगा जिसमें कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) बैठेंगे। जिले में बिजली निगम का नारनौल, महेंद्रगढ़ के बाद नये अटेली व महेंद्रगढ़-2 के नाम से चार डिवीजन कार्यालय होंगे। इसके लिए हिसार के मैनेजिंग डायरेक्टर ने 13 फरवरी को लेटर जारी किया है। इस पत्र के अनुसार प्रदेश में 17 नये बिजली के डिवीजन कार्यालय खोलने की अनुमति प्रदान की है। कार्यालय खुलने के बाद अटेली क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को ट्रांसफार्मर, सिक्योरिटी चेक, एडिमिट्रिशन आदि के आर्डर यही हो जाएंगे। अटेली डिवीजन के अंतर्गत सीहमा व अटेली बिजली सब डिवीजन क्षेत्र होगा। बिजली डिविजन (विभाजन/विकेंद्रीकरण) से प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ती है, जिससे बिजली आपूर्ति में सुधार, शिकायतों का समाधान, कम तकनीकी खराबी और बेहतर राजस्व वसूली होती है। यह स्थानीय स्तर पर प्रबंधन को सुदृढ़ बनाकर बिजली चोरी रोकने और विश्वसनीय आपूर्ति



सुनिश्चित करने में मदद करता है। तेज समस्या समाधान, स्थानीय कार्यालय होने के कारण तकनीकी खराबी, ट्रांसफार्मर खराब होने या बिजली गुल होने की स्थिति में मेंटेनेंस टीम जल्दी पहुंचती है। बेहतर ग्राहक सेवा और बिलिंग: छोटे कार्यक्षेत्र के कारण मीटर रीडिंग, बिल वितरण और बिलिंग से संबंधित शिकायतों का निपटारा समय पर होता है। बिजली डिवीजन (क्षेत्र के उप-केंद्रों में बांटने) के प्रमुख फायदों में बेहतर और विश्वसनीय आपूर्ति छोटे डिवीजनों में वितरण नेटवर्क का प्रबंधन करना आसान होता है। जिससे बिजली कटौतियों में कमी आती है और आपूर्ति अधिक विश्वसनीय हो जाती है। तेज समस्या समाधान स्थानीय कार्यालय होने के कारण तकनीकी खराबी, ट्रांसफार्मर खराब होने या बिजली गुल होने की स्थिति में मेंटेनेंस टीम जल्दी पहुंचती है। बेहतर ग्राहक सेवा और बिलिंग: छोटे कार्यक्षेत्र के कारण मीटर रीडिंग, बिल वितरण और बिलिंग से संबंधित शिकायतों का निपटारा समय पर होता है। यह स्थानीय स्तर पर प्रबंधन को सुदृढ़ बनाकर बिजली चोरी रोकने और विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद करता है। प्रशासनिक नियंत्रण बिजली अधिकारियों के लिए क्षेत्र के प्रबंधन, नए कनेक्शन देने और पुरानी लाइनों को बदलने का काम अधिक व्यवस्थित रूप से करना आसान होता है। आधुनिक तकनीक: छोटे डिवीजनों में स्मार्ट मीटरिंग और स्मार्ट स्विचिंग तकनीकों को लागू करना और प्रबंधित करना अधिक आसान होता है। बिजली डिविजन करने से प्रबंधन स्थानीय हो जाता है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा मिलती है और बिजली विभाग की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है। नये बनने वाले 17 बिजली डिवीजन इस प्रकार रतिया, भूना, ओढन्, बरवाला, कैंट, तोशाम, बाढड़ा, सब अर्बन जींद, एनआईटी-2 फरीदाबाद, ओल्ड-2 फरीदाबाद, बल्लबगढ़ 2, सब अर्बन पलवल, पुन्हाना, सिटी-1 जीजीएम, साउथ सिटी, अटेली, महेंदगढ़-2 है। बिजली डिविजन (क्षेत्र को उप-केंद्रों में बांटने) के प्रमुख फायदों में। बेहतर और विश्वसनीय आपूर्तिः छोटे डिवीजनों में वितरण नेटवर्क का प्रबंधन करना आसान होता है, जिससे बिजली कटौतियों में कमी आती है और आपूर्ति अधिक विश्वसनीय हो जाती है। बिजली चोरी और घाटे में कमी: छोटे क्षेत्रों की निगरानी करना आसान होता है, जिससे बिजली चोरी कम होती है और वितरण कंपनियों को राजस्व घाटा कम करने में मदद मिलती है।- निगम एसडीओ, दीपक यादव स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह के पीए विकास यादव ने बताया कि 13 फरवरी को पत्र जारी हुआ है। मंत्री लंबे समय से इस डिवीजन बनाने के लिए प्रयासरत थी उन्हीं के प्रयासों से बिजली निगम को यह कदम उठाया है। इसके बनने से अटेली व सीहमा खंड के बिजली उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा क्षेत्र की जर्जर बिजली लाइनों को बदलने का कार्य चला हुआ है। वर्जन- स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि निगम की ओर से जारी पत्र में अटेली क्षेत्र के लोगों को यह तोहफा मिला है। इसके बाद यहां पर डिवीजन कार्यालय के लिए अलग से स्टॉफ होगा तथा जल्दी ही निगम का कार्यकारी अभियंता बैठेगा। अटेली को नंबर वन बनाने के लिए वह प्रयासरत है स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ दूसरी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वह प्रयासरत है।

# प्रदेशाध्यक्ष गोरा बोले-युवाओं के भविष्य को दिशा देने वाला है बजट



भीम प्रज्ञा न्यूज

**चूरू ।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा चूरू आए। डीटीओ ऑफिस के पास राजीव लांबा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गोरा का स्वागत किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के आवास तक युवा एकता वाहन रैली निकाली।

गोरा ने प्रदेश के बजट को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य को दिशा देने वाला बजट है। गोरा ने बताया कि युवा मोर्चा की तरफ से पूरे प्रदेश में युवा संवाद यात्रा निकाली जा रही है। इसके तहत युवाओं से सीधा संवाद कर आगामी बजट को लेकर उनकी राय ली जा रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण, महामंत्री अभिषेक चोटिया, महेंद्र न्यौल, मोनू जोड़ी, निखिल प्रजापत, रजत शर्मा, दीपू लादड़िया, मिकी राठौड़, आदित्य राठौड़, आदित्य भांभू आदि मौजूद रहे। युवा नेता जयपाल सिंह टकणेत ने भी स्वागत किया।

# टोहाना पुलिस की बडी कार्यवाही- जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी काबू, वारदात में प्रयोग कस्सी बरामद

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।

**विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के मार्गदर्शन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए, थाना शहर टोहाना पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने किसी बात पर अपने ही साथी मजदूर के सिर पर कस्सी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दियथाना शहर टोहाना प्रभारी निरिक्षक कुलदीप ने बताया कि शिकायतकर्ता राकेश निवासी जमालपुर शेखां ने पुलिस को बताया कि वह गांधी गेट टोहाना के पास लेंटर डालने का काम कर रहा था। उसके साथ गांव का ही पवन कुमार भी मजदूरी कर रहा था। जब




राकेश ने पवन को अपने हिस्से का काम ठीक से करने के लिए कहा, तो पवन तैश में आ गया। गाली-गलौज करते हुए पवन ने जान से मारने की नियत से राकेश के सिर पर कस्सी से जोरदार प्रहार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। पीड़ित के बयानों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर थाना शहर टोहाना में आरोपी के खिलाफ मुकदमा नंबर 44/26, धारा 117(2), 109(1), और 351(2) BNS के तहत दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी पवन कुमार पुत्र जनता राम, निवासी जमालपुर शेखां को गिरफ्तार कर लिया है वा वारदात मे प्रयोग कस्सी बरामद कर ली है । मामले की जाँच जारी है । एसपी का संदेश-एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि आपसी विवाद में कानून हाथ में लेने वाले और हिंसा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस सख्त से सख्त कानूनी कदम उठाएगी। समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा महिला थाना फतेहाबाद का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## महिला सुरक्षा मामलों में त्वरित कार्रवाई व संवेदनशील व्यवहार के दिए निर्देश

भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस ने मंगलवार को महिला थाना फतेहाबाद का औचक निरीक्षण कर थाना परिसर की व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड संधारण, लंबित मामलों तथा महिला सुरक्षा संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई, आगंतुक कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, परामर्श कक्ष एवं शिकायत कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि थाने में आने वाली प्रत्येक महिला शिकायतकर्ता के साथ पूर्ण संवेदनशीलता, सम्मान और गोपनीयता के साथ व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने लंबित प्रकरणों की फाइलों की जांच करते हुए अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित जांच अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं से जुड़े मामलों, विशेषकर घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़, साइबर अपराध तथा बाल संरक्षण संबंधी प्रकरणों में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी मामलों की जांच समयबद्ध तरीके से पूरी कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान मालखाना, रिकॉर्ड रूम तथा सीसीटीवी प्रणाली की भी जांच की




गई। पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, डिजिटल रिकॉर्ड के नियमित अपडेट तथा सुरक्षा मानकों के पूर्ण पालन के निर्देश दिए। उन्होंने थाना स्टाफ से संवाद कर ड्यूटी प्रबंधन, कार्य विभाजन तथा जनसंपर्क गतिविधियों की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिला थाना पीड़ित महिलाओं के लिए भरोसे और सुरक्षा का केंद्र है। यहां आने वाली प्रत्येक महिला को न्याय और सहयोग का भरोसा मिलना चाहिए। उन्होंने परामर्श सेवाओं को और सशक्त बनाने तथा जरूरतमंद महिलाओं को कानूनी सहायता एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श उपलब्ध कराने पर बल दिया।

निरीक्षण के अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी कर्मचारियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम शीघ्र लागू किए जाएंगे।

# टोहाना महिला व बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का हुआ आयोजन

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।

**रजत विजय रंगा।** महिला और बाल विकास विभाग द्वारा 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। टोहाना के वार्ड 16 मसाला फैक्ट्री में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम रखा गया जिसके अध्यक्षता सुपरवाइजर पूजा जांगड़ा द्वारा की गई। बाल विवाह के बारे में जानकारी देते हुए वहां उपस्थित लोगों को बताया गया कि यह एक सामाजिक बुराई है तथा इस बुराई को दूर करने में आप सभी भागीदारी निभा सकते हैं। लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के उम्र में जिम्मेदारियां का बोझ बच्चों पर न डालें। सुपरवाइजर द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका तथा 21 वर्ष से कम उम्र के बालक का विवाह ,बाल विवाह



माना जाता है। इस कुरीति के कारण बालिकाओं एवं बालकों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है तथा बाल अधिकारों का हनन भी होता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत सजा के प्रावधानों के बारे में बताया गया जिसमें एक लाख तक का जुर्माना तथा 2 साल गैर की कड़ी एवं गैर जमानती सजा आती है। लोगों से अपील की गई की बाल विवाह न तो करें और न हीं होने दें। अगर आपके आसपास कोई ऐसी कुरीति हो रही है तो आप तुरंत ही सरकार को सूचित करें तथा एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। उपस्थित लोगों को बताया गया कि लड़का लड़की एक समान है उनमें कोई फर्क नहीं है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा उन दोनों को ही समान अवसर तथा अधिकार मिले इस बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान मीना अनु,लक्ष्मी आंगनवाड़ी वर्कर तथा हेल्पर मौजूद रहे।

# अरिस्दा के आह्वान पर सेवारत डॉक्टर्स ने 20 से जिलेभर में 2 घंटे कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी

भीम प्रज्ञा न्यूज

**झुंझुनूं ।** जिले के मेडिकल कॉलेज से 6 सेवारत चिकित्सकों को सहायक आचार्य पद से हटाने को लेकर सेवारत चिकित्सकों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा। जिले के 175 सरकारी अस्पतालों में कार्यरत सेवारत चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर सेवारत चिकित्सकों के संगठन अरिस्दा की जिला इकाई की बीडीके अस्पताल में बैठक हुई। इसमें 19 फरवरी तक प्राचार्य पर कार्रवाई नहीं होने पर 20 से अस्पतालों में 2 घंटे कार्य बहिष्कार करने का फैसला लिया गया। बीडीके अस्पताल के 75 सेवारत चिकित्सकों ने इस मामले में काली पट्टी बांधकर मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर प्राचार्य डॉ. राकेश साबू के रवैये की निंदा की। अरिस्दा अध्यक्ष डॉ. एसए जब्बार के नेतृत्व में सेवारत चिकित्सकों ने प्रदर्शन किया। अरिस्दा जनरल बॉडी की बैठक बीडीके अस्पताल में हुई। महासचिव डॉ. राजेन्द्र ढाका ने बताया कि जिले के पीएचसी, सीएचसी के साथ उपजिला व जिला अस्पतालों में 400 चिकित्सक काली पट्टी बांधकर तीन दिन से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन अभी तक मेडिकल कॉलेज प्राचार्य पर एक्शन नहीं लिया गया है। कार्य बहिष्कार के दौरान अस्पतालों में आपातकालीन सेवा सुचारू रहेंगी। बैठक में अरिस्दा के राज्यव्यापी आंदोलन की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। बैठक में डॉ. श्रीराम दुलड़, डॉ. अनिता गुप्ता, डॉ. शीशराम गोठवाल, डॉ. पुष्पा रावत, डॉ. राजेन्द्र पायल, डॉ. जगदेव सिंह, डॉ. मधु तंवर, डॉ. आकांक्षा, डॉ. मनीषा चौधरी, डॉ.श्वेता, डॉ.दीपक




देवठिया, डॉ. सपना झाझडियां, डॉ. राहुल सोनी, डॉ. गौरव बूरी, डॉ. इकराज अहमद, डॉ. दुष्यंत बसेरा, डॉ. प्रियंका कस्वां, डॉ.सुरेश मील, डॉ. नेमीचंद, डॉ.संदीप नेमीवाल, डॉ. प्रमोद तेतरवाल, डॉ. प्यारेलाल भालोठिया, डॉ. विजेन्द्र ज्याणी, डॉ. अरविंद जाखड़, डॉ. नवीन, डॉ. कपूर थालौर, डॉ. पूनम चौधरी शामिल थे। अरिस्दा के आह्वान पर जिले के विभिन्न राजकीय अस्पतालों में कार्यरत सेवारत चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और मेडिकल कॉलेज प्राचार्य पर कार्रवाई की मांग दोहराई। मलसीसर के उप जिला अस्पताल में डॉ. सतवीर व डॉ. अशोक सैनी की अगुवाई में सेवारत चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर मरीज देखे। सूरजगढ़ सीएचसी में डॉ. नेत्रपाल, डॉ. सिंधु, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. अशोक कुमार व डॉ. पंकज कुमावत ने तथा सुलताना सीएचसी में डॉ. नेहा, डॉ. अंजली, डॉ. अमीर, डॉ. अल्का व डॉ. अनूप समेत चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर सेवा दी। नवलगढ़ जिला अस्पताल में डॉ. दिनेश कल्याण, डॉ. अशोक चतुर्वेदी, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. अजीत चाहर, डॉ. जितेन्द्र चौधरी, डॉ. संदीप चौधरी, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. किशोर शर्मा, डॉ. शिवकरण जागृत, डॉ. नेहा चौधरी आदि ने काली पट्?टी बांधी। वहीं जीएमसी में सुविधाओं के अभाव को लेकर मेडिकल स्टूडेंट्स के प्रदर्शन के बाद फैकल्टी ने आंदोलनरत विद्यार्थियों से समझाइश की।

# ऊर्जा मंत्री से सम्मानित अजमेर डिस्कॉम SE सस्पेंड:

## ACB ने 50 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा था; लम्बे समय से नाराज थे ठेकेदार

भीम प्रज्ञा न्यूज

**अजमेर ।** ऊर्जा मंत्री से सम्मानित अजमेर डिस्कॉम के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर(SE) को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद सस्पेंड कर दिया गया है। एसीबी की कार्रवाई के बाद विभाग ने उन्हें सस्पेंड कर दिया। ठेकेदारों में लंबे समय से उनके खिलाफ नाराजगी थी, जिसकी शिकायतें डिस्कॉम प्रशासन को की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पिछले माह एसई बाबूलाल को ऊर्जा मंत्री ने सर्किल को डिफेक्टिव मीटर मुक्त होने पर जयपुर में सम्मानित किया था। अजमेर एसीबी ने कल (सोमवार) अधीक्षण अभियंता बाबूलाल को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। जिसके बाद अजमेर डिस्कॉम की सचिव सीमा शर्मा ने निलंबन आदेश जारी किया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय झुंझुनूं किया गया है।




### दो लाख रुपए की डिमांड, 50 हजार लेते ट्रैप

दरअसल, ACB अजमेर को ठेकेदार से शिकायत मिली थी कि अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (AVVNL) के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर बाबूलाल पुराने वर्क ऑर्डर जारी करने की एवज में 2 लाख रुपए की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है। ठेकेदार की शिकायत पर एसीबी ने मामले का सत्यापन किया। सोमवार को एसीबी की एक टीम ने एसई बाबूलाल को उनके कार्यालय में रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। वर्क ऑर्डर नवंबर-दिसंबर 2025 का था। एसीबी ने अधिकारी के पास से वर्क ऑर्डर की फाइल जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने एसई को सौंपा था प्रमाण पत्र

पिछले महीने 5 जनवरी को अजमेर सर्किल डिफेक्टिव मीटर मुक्त होने पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने विद्युत भवन में अधीक्षण अभियंता बाबूलाल को प्रमाण पत्र सौंपा था। इस दौरान डिस्कॉम्स की चेयरमैन आरती डोगरा और प्रबंध निदेशक के.पी. वर्मा भी मौजूद रहे थे।

### ठेकेदारों ने पहले भी जताया था विरोध, लेकिन कोई कार्रवाई

सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर के खिलाफ पहले भी ठेकेदारों ने प्रदर्शन किया था, यहां तक कि लगभग एक महीने तक काम का बहिष्कार भी किया गया था। प्रबंध निदेशक को भी शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।महामंत्री अभिषेक चोटिया, महेंद्र न्यौल, मोनू जोड़ी, निखिल प्रजापत, रजत शर्मा, दीपू लादड़िया, मिकी राठौड़, आदित्य राठौड़, आदित्य भांभू आदि मौजूद रहे। युवा नेता जयपाल सिंह टकणेत ने भी स्वागत किया।

# सिविल लाइंस-सोडाला से 41 लाख की डकैती का खुलासा

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** सिविल लाइंस-सोडाला क्षेत्र में USDT क्रिप्टो निवेश के नाम पर 41 लाख रुपये की डकैती करने वाले दो वांछित ईनामी अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी पिछले करीब एक वर्ष से फरार चल रहे थे और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचते रहे।

### निवेश का झांसा देकर लूटे थे 41 लाख रुपये

डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया कि साल 2025




की 17 फरवरी को पीड़ित गजेन्द्र राठौर ने थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया था कि साहिल व अन्य आरोपियों ने USDT क्रिप्टो में निवेश का झांसा देकर उनसे 41 लाख रुपये लूट लिए। इस पर थाना सोडाला में मामला दर्ज किया गया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने प्रारंभिक जांच में दो आरोपियों आबिद खान (32 वर्ष) और नौशाद खान (32 वर्ष) को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर रू40 लाख दो हजार की राशि बरामद कर ली थी। हालांकि, दो अन्य आरोपी फरार हो गए थे, जिनकी लगातार तलाश की जा रही थी।

# टी20 वर्ल्ड कप: ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्वकप से बाहर हुई , जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंची

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच बारिश के कारण मुकाबला रद्द होने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 विश्वकप क्रिकेट से बाहर हो गयी है। ये इस विश्वकप का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर है। ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के साथ ही ग्रुप बी से श्रीलंका के बाद जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गयी है। जिम्बाब्वे-आयरलैंड के बीच मैच नहीं हेने से एक-एक अंक बंट गया जिसके कारण ऑस्ट्रेलिया जहां बाहर हो गयी। वहीं जिम्बाब्वे इस ग्रप बी से क्वालीफाई करने वालद दूसरी टीम बनी।

श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद से ही ऑस्ट्रेलिया पर बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। वहीं जिम्बाब्वे को सुपर-8 राउंड में पहुंचने के लिए सिर्फ एक अंक की जरूरत थी और कैंडी में वह उसे मिल गया। आज यहां सुबह से मौसम खराब था। जिससे ऑस्ट्रेलिया की सभी उम्मीदें टूट गयीं।

साल 2021 में विजेता रही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम पिछले तीन टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई है। वहीं साल 2009 के बाद से ये ऑस्ट्रेलिया का सबसे खराब प्रदर्शन भी है। इस बार ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज से भी हार का सामना करना पड़ा था। जिम्बाब्वे से अपना पहला ही मैच हारने के बाद, श्रीलंका से हारना ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ा झटका रहा।

जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच बारिश के कारण मैच शुरु ही नहीं हो पाया। ऐसे में शाम 5ः30 बजे बिना एक भी गेंद फेंके मैच रद्द कर दिया गया। वहीं ये पहला अवसर है जब जिम्बाब्वे टी-20 विश्व कप इतिहास में दूसरे दौर तक पहुंची है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में हुए 2022 टी-20 विश्व कप में जिम्बाब्वे सुपर-12 ग्रुप में सबसे अंत में रही थी।जिम्बाब्वे अब क्रिकेट विश्व कप के किसी भी प्रारुप में सबसे आगे पहुंच गयी है, इससे पहले 1999 के एकदिवसीय विश्व कप में वह पांचवें स्थान पर थी और नेट रन-रेट के आधार पर सेमीफाइनल में पहुंचने से रह गई थी। जिम्बाब्वे अब सुपर-8 राउंड के ग्रुप 1 में ऑस्ट्रेलिया की जगह उतरेगी। यहां उसका सामना भारत, वेस्टइंडीज या 2024 के फाइनलिस्ट दक्षिण अफ्रीका से होगा। पिछले टी-20 विश्व कप में जिम्बाब्वे क्वालीफाई तक नहीं कर पाई थी।



## आईसीसी रैंकिंग : दीप्ति शर्मा पिछड़ी, पाकिस्तान की गेंदबाज फिर से नंबर 1 बनीं



**दुबई (एजेंसी)।** सादिया इकबाल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ लगातार शानदार परफॉर्मेंस के बाद आईसीसी महिला टी20आई बॉलिंग रैंकिंग में फिर से नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है। पाकिस्तान की लेफ्ट-आर्म स्पिनर आईसीसी महिला प्लेयर रैंकिंग के लेटेस्ट अपडेट में ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड और भारत की अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा को पीछे छोड़ते हुए टॉप पर वापस आ गई हैं। इकबाल की यह बढ़त साउथ अफ्रीका में पाकिस्तान की हालिया तीन मैचों की टी20आई सीरीज में अच्छे प्रदर्शन की वजह से हुई है, जहां वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं।

इकबाल ने पूरी सीरीज में 5 विकेट लिए, जिसमें बेनोनी में आखिरी मैच में उनका शानदार परफॉर्मेंस 3-18 था जिसने स्टैंडिंग में टॉप पर उनकी वापसी में अहम भूमिका निभाई। उस अहम स्पेल ने रैंकिंग में उन्हें दो पायदान ऊपर चढ़ा दिया जिससे वह 2024 के आखिर में और फिर पिछले साल कुछ समय के लिए उसी पोजीशन पर वापस आ गईं। सदरलैंड ने पिछले महीने ही नंबर 1 रैंकिंग हासिल की थी, लेकिन इकबाल की लगातार अच्छा खेलने और मैच जिताने वाले असर ने अब उन्हें फिर से आगे कर दिया है। ताजा रैंकिंग अपडेट में पाकिस्तान के लिए और भी अच्छी खबर आई। कैप्टन फातिमा सना ने सीरीज के आखिरी मैच में अपने हरफनमौला प्रदर्शन के बाद कई कैटेगरी में बड़ी छलांग लगाई। 22 साल की फातिमा टी20आई बैटिंग रैंकिंग में 31 पायदान ऊपर चढ़कर 28वें नंबर पर आ गईं और टी20आई ऑलराउंडरों में भी पांच पायदान ऊपर छठे नंबर पर आ गईं। फातिमा की इस बढ़त को प्रोटियाज के खिलाफ आखिरी मैच में प्लेयर ऑफ द मैच के प्रदर्शन से और बढ़ावा मिला, जहां उन्होंने सिर्फ 30 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए और दो अहम विकेट भी लिए। उनके हाथों आउट होने वालों में साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट भी शामिल हैं, हालांकि प्रोटिया बैटर ने खुद भी थोड़ी बढ़त हासिल की है, और टी20आई बैटिंग रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर आ गईं।

इस बीच ऑस्ट्रेलिया में अपनी टी20आई सीरीज़ के बारिश से प्रभावित शुरुआती मैच में कई भारतीय गेंदबाजों को उनकी मेहनत का इनाम मिला। रेणुका सिंह 6 स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर, अरुंधति रेड्डी 19 स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर, और श्री चरणी आठ स्थान चढ़कर 39वें स्थान पर पहुंच गईं, जो गेंद से उनके मजबूत योगदान को दिखाता है।

## शमी ने रणजी में आठ विकेट लेकर टीम इंडिया में वापसी के लिए दावेदारी की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से भारतीय टीम में वापसी करने में असफल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में आठ विकेट लेकर चयनकर्ताओं को करारा जवाब दिया है। शमी ने हाथ में पट्टी बांधकर जिस प्रकार 22.1 ओवर में 90 रन देकर आठ विकेट लिए। उससे उनका फार्म और फिटनेस दोनो ही साबित हुए हैं। ये उनके प्रथम श्रेणी करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शमी की इस गेंदबाजी से ही बंगाल को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ सेमीफाइनल में पहली पारी में 26 रन की बढ़त मिली। अब फाइनल में बंगाल और कर्नाटक का मुकाबला होने की संभावना है। दूसरे और तीसरे दिन शमी ने जबरदस्त गेंदबाजी की। शमी ने पांच विकेट लेने के बाद सटीक लाइन-लेंथ के साथ तीन विकेट और निकाले। इस प्रकार कुल आठ विकेट झटके। इस दौरान उनकी तेज गेंदबाजी में धार देखी गयी।

35 साल की उम्र में, बिना किसी बीसीसीआई के केन्द्रीय अनुबंध और राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के बाद बाद भी शमी ने उम्मीद नहीं छोड़ी है। उन्होंने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को उनकी ओर ध्यान देने मजबूर किया है। बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर और शमी के बीच पिछले एक साल में फिटनेस को लेकर मतभेद रहे हैं। आगरकर का मानना है कि शमी पांच दिवसीय क्रिकेट के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं पर शमी हर बार अपने प्रदर्शन से जवाब देते आए हैं। इस बार भी शायद वह यही दिखाना चाहते हैं। बंगाल ने 249/5 से आगे खेलते हुए 328 रन बनाए। सुदीप घरामी की 146 रनों की पारी खेली जबकि आकिब नबी ने 5/87 लेकर प्रभावित किया। नबी ने इस सीजन में रणजी ट्रॉफी में अपने 50 विकेट भी पूरे किए लेकिन जब जम्मू-कश्मीर ने जवाबी पारी शुरू की, तो मैच पर पूरी तरह शमी हावी रहे। दूसरे दिन नई गेंद से शमी ने शुबहम खजूरिया और यावर हसन को जल्दी आउट कर जम्मू-कश्मीर को 13/2 पर ला दिया और बाद में उन्होंने पारस डोगरा और अब्दुल समद के बीच 147 रनों की खतरनाक साझेदारी को तोड़ा। समद (82) और डोगरा (58) दोनों को आउट कर शमी ने मैच का रुख पलट दिया। डोगरा ने अपनी पारी के दौरान रणजी ट्रॉफी में 10,000 रन भी पूरे किए.

# टी20 विश्वकप में आज नीदरलैंड पर जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय टीम बुधवार को यहां नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले टी20 विश्कप मैच में जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी। भारतीय टीम ने अब तक अपने सभी मैच जीते हैं और वह पहले ही सुपर आठ में पहुंच गयी है। ऐसे में उसके खिलाड़ियों का लक्ष्य इस मैच से अपनी लय को और बेहतर करना होगा। वहीं अब तक रन नहीं बना पाये सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का भी लक्ष्य बड़ी पारी खेलकर फार्म हासिल करना रहेगा। अभिषेक अभी तक खेले दोनो ही मैचों में अपना खाता नहीं खोल पाये थे। इसके अलावा अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ अपनी तैयारियों का और पक्का करना चाहेंगे। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक पारी खेलकर छाये हुए ईशान किशन इस बार भी अधिक से अधिक रन बनाना चाहेंगे।




ईशान के अच्छे प्रदर्शन के कारण ही अब तक इस टूर्नामेंट में अभिषेक के असफल होने के बाद भी भारतीय टीम हर मैच जीती है। वहीं तिलक वर्मा भी अपने नाम के अनुरुप खेलते आये हैं। पाक के खिलाफ शुरुआती विकेट गिरने के बाद उन्होंने ईशान के साथ मिलकर पारी संभाली थी। दोनो के बीच एक अच्छी साझेदारी हुई। ऑलराउडर शिवम दुबे और रिंकू सिंह ने भी पाकिस्तन के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी की। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या बल्लेबाजी में तो असफल रहे पर गेंदबाज में उन्होंने शुरुआती विकेट लेकर कमी पूरी कर दी। पाक के खिलाफ बड़ी पारी नहीं खेल पाये कप्तान सूर्यकुमार यादव भी इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। भारतीय गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव का प्रदर्शन प्रभावी रहा है जो ये इस मैच में भी बरकरार रखना चाहेंगे। वहीं अमेरिका और नामीबिया के खिलाफ मैच में भारतीय बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल पाये थे ऐसे में भारतीय टीम नीदरलैंड को कम आंकने की भूल नहीं करेगी। नीदरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण में बहुत अच्छे स्पिनर नहीं हैं पर फिर भी भारतीय बल्लेबाजों को सावधान रहना होगा। नीदरलैंड की स्पिन आक्रमण में आर्यन दत्त और रोएलॉफ वैन डेर मेरवे शामिल है जो भारतीय बल्लेबाजों के सामने परेशानी खड़ी करने का प्रयास करेंगे।

भारत इस मैच सुपर आठ से पहले कुछ गेंदबाजों को आराम दे सकता है, जिसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं।इस मैच में भारत दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतर सकता है। अगर बुमराह को आराम दिया जाता है तो मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को के अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। ऐसे में स्पिन विभाग की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल के पास रहेगीहैं। नीदरलैंड की टीम इस मैच में बेहतर बल्लेबाजी और गेंदबाजी करना चाहेगी। नामीबिया पर जीत के बाद पिछले मैच में उसे अमेरिका से करारी हार मिली थी जिससे वह उबरना चाहेगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**नीदरलैंडः** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज़, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, जैक लायन-कैशेट, मैक्स ओडोव्ड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन, साकिब जुल्फिकार।

## निसंका ने हवा में छलांग लगाकर पकड़ा असंभव सा कैच

कोलंबो । श्रीलंका के पाथुम निशंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में एक ऐसा कैच लिया जिससे सभी हैरान हो गये । निशंका ने ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का ये कैच हवा में छलांग लगाकर पकड़ा। निसंका को कैच लेते देखकर बल्लेबाजी कर रहे मैक्सवेल को भी अपने आउट होने का भरोसा नहीं हुआ । सोशल मीडिया पर इसका एक वीडिया आया है जो काफी पसंद किया गया है । इस कैच को टूर्नामेंट का सबसे अच्छा कैच बताया गया है । इसी के साथ ही मैक्सवेल की 22 रनों की पारी समाप्त हो गयी । मैक्सवेल ने दुशान हेमन्था की गेंद पर शॉट लगाया और गेंद हवा में पाथुम के पास से निकली पर उन्होंने हवा में छलांग लगाते हुए कैच लेने का प्रयास किया और किस्मत से गेंद उनके हाथों में आ गयी । श्रीलंका ने इस मैच में टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया और उसका ये फैसला सही साबित हुआ । ऑस्ट्रेलिया की ओर से कोई भी बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाया ।

## मंधाना को 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2025' अवॉर्ड



नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को यहां एक कार्यक्रम में 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2025' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया । मंधाना को ये अवार्ड एकदिवसीय विश्व कप 2025 में भारतीय टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है । मंधाना ने साल का सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिये जाने पर खुशी जतायी है। मंधाना भारतीय टीम की उपकप्तान हैं और साल 2025 में उन्होंने काफी रन बनाये थे । वह महिला एकदिवसीय क्रिकेट में दूसरी सबसे अधिक शतक लगाने वाली खिलाड़ी हैं । वहीं युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को फिडे महिला विश्व कप जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई खिलाड़ी जबकि पैरा एथलीट प्रीति पाल को 2024 पेरिस पैरालंपिक में ट्रैक एवं फील्ड में दो कांस्य पदक जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पैरा खिलाड़ी का अवार्ड दिया गया । इसके अलावा पूर्व निशानेबाज अंजलि भागवत को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंजलि ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज रही हैं । पुरस्कार विजेताओं का चयन लिएंडर पेस, दीपा मलिक और अंजू बॉबी जॉर्ज की जूरी ने किया ।

# टी20 विश्वकप2026 में युवराज सिंह समरा का ऐतिहासिक शतक, न्यूजीलैंड के खिलाफ रचा कीर्तिमान

**चेन्नई (एजेंसी) ।** चेन्नई में मंगलवार को खेले गए मुकाबले ने टी20 विश्व कप 2026 में एक नई कहानी लिख दी। कनाडा के युवा बल्लेबाज युवराज सिंह समरा ने अपने नाम के अनुरूप ऐसा प्रदर्शन किया कि क्रिकेट जगत हैरान रह गया।

बता दें कि टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप डी मुकाबले में कनाडा क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 173 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। यह मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया। कनाडा की पारी की रीढ़ बने 19 वर्षीय ओपनर युवराज सिंह समरा, जिनका नाम भारतीय दिग्गज युवराज सिंह के नाम पर रखा गया है।

मौजूद जानकारी के अनुसार, समरा के पिता बलजीत कमरा ने अपने बेटे का नाम भारत के पूर्व ऑलराउंडर से प्रेरित होकर रखा था। गौरतलब है कि समरा ने महज 58 गेंदों में शतक जड़ते हुए 110 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल रहे। यह पारी न केवल कनाडा की दूसरी सबसे बड़ी टीम स्कोर में अहम रही, बल्कि टी20 विश्व कप इतिहास में किसी एसोसिएट देश के बल्लेबाज का पहला शतक भी बनी।




समरा ने मार्च पिछले वर्ष अंतरराष्ट्रीय टी20 में पदार्पण किया था और यह उनका 19वां मुकाबला था। इससे पहले बहामास के खिलाफ 15 गेंदों में अर्धशतक लगाकर उन्होंने अपनी क्षमता का संकेत दिया था। हालांकि, न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ विश्व मंच पर शतक जमाना उनके करियर का अब तक का सबसे बड़ा क्षण माना जा रहा है।

गौरतलब है कि न्यूजीलैंड इस मुकाबले में सुपर 8 की दौड़ में बने रहने के लिए उतरा था, लेकिन शुरुआती ओवरों में समरा ने आक्रामक तेवर अपनाते हुए मैट हेनरी और जेम्स नीशम पर दबाव बनाया। कप्तान दिलप्रीत बाजवा के साथ उनकी 116 रन की साझेदारी टी20 विश्व कप में किसी एसोसिएट टीम द्वारा पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहली विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी रही।

हालांकि अंतिम तीन ओवरों में न्यूजीलैंड ने वापसी करते हुए दो विकेट झटके और रनगति पर अंकुश लगाया, जिससे कनाडा 180 के आंकड़े को पार नहीं कर सका। इसके बावजूद समरा की पारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि उभरती टीमें अब बड़े मंच पर चुनौती देने के लिए तैयार हैं और युवा प्रतिभाएं वैश्विक क्रिकेट संतुलन को बदलने की क्षमता रखती हैं।

## भारत के विक्रम राठौर लाये श्रीलंकाई टीम की बल्लेबाजी में बदलाव : जयसूर्या

कोलंबो। श्रीलंका की आईसीसी टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत में भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज कोच विक्रम राठौर और क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर की अहम भूमिका रही है । श्रीलंकाई टीम के पूर्व कप्तान और कोच कोच सनथ जयसूर्या ने भी इनकी प्रशंसा की है । श्रीलंका की टीम इस बार सुपर–आठ में पहुंची है जबकि पिछले दो टूर्नामेंट में वो ग्रुप स्तर से भी से आगे नहीं बढ़ पायी थी । ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पथुम निसांका ने शतकीय पारी खेलकर टीम को जिताया। इसमें राठौर की कोचिंग और टिप्स की अहम भूमिका रही है । उनके आने से हमारे बल्लेबाजों का मनोबल बढ़ा है । मैच के बाद जयसूर्या ने कहा कि कहा, 'आर श्रीधर हमारे क्षेत्ररक्षण कोच हैं, वो भारत से हैं । वहीं विक्रम राठौर हमारे बल्लेबाजी कोच हैं । दोनों काफी अच्छे इंसान हैं । अभ्यास के दौरान जो भी हम चाहते हैं, वो सब करते हैं, जो क्षेत्ररक्षण के लिए बहुत अच्छा है। आईपीएल के अनुभव के साथ वो खिलाड़ियों के साथ अच्छी तरह काम कर रहे हैं और टीम को बेहतर बना रहे हैं । उनके आने से हमारे बल्लेबाजों का मनोबल बढ़ा है ।' उन्होंने टीम की दमदार गेंदबाजी की भी तारीफ की। पहले आठ ओवर में 100 रन बनाने के बाद श्रीलंका ने अपनी स्पिन गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया। अपने प्रमुख तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के हैमस्ट्रिंग इंजरी के बावजूद श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को 20 ओवर में 181 रन पर रोक दिया । मुझे लगता है कि महीश तीक्षणा और बाकी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया ।



### गावस्कर, कपिल सहित दुनिया भर के दिग्गज क्रिकेटरों ने पाक सरकार को पत्र लिखकर इमरान को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने को कहा

नई दिल्ली । भारतीय टीम के दो पूर्व कप्तानों सुनील गावस्कर और कपिल देव सहित दुनिया भर के 14 दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों ने पाकिस्तान सरकार को एक पत्र लिखकर पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने को कहा है । इमरान दिग्गज क्रिकेटर रहे हैं और उनकी कप्तानी में ही पाक टीम ने साल 1992 में एकमात्र विश्वकप जीता था । संन्यास के बाद राजनीति में आये इमरान प्रभानमंत्री भी रहे है पर आजकल वह भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद है । काल कोठरियों में बंद इमरान की हाल बेहद खराब बतायी जा रही है । उनके परिवार और समर्थकों की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने 73 साल इमरान की चिकित्सा जांच के आदेश दिये थे जिनपर सरकार ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है । सरकारी आंकड़ों के अनुसार उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जा सकता था पर इसकी जगह पर डॉक्टरों की टीम को रावलपिंडी की अडियाला जेल भेज दिया गया । इमरान के खिलाफ खेले गावस्कर और कपिल सहित भारतीय क्रिकेटरों ने उनकी बिगड़ती हालत पर चिन्ता जतायी है । साथ ही कहा कि इमरान की आंखों की रोशनी भी तेजी से जा रही है । पिछले ढाई साल से उनकी खराब सेहत की खबरें आ रही हैं जिससे हम दूखी हैं । हम चाहते हैं कि उनके मानवीय अधिकारों का सम्मान किया जाये और इंसानियत से पेश आया जाये । हमारा मानना है कि इमरान खान जैसे शीर्ष कद के व्यक्ति के साथ एक पूर्व राष्ट्रीय नेता और वैश्विक खेल हस्ती के रूप में गरिमा और बुनियादी मानवीय सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए ।

## प्रतिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल , छह माह बाद टीम में हुई वापसी

मुम्बई । सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में 24 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी हुई है । प्रतीका टखने की चोट के कारण पिछले काफी समय से टीम से बाहर चल रही थीं । उन्हें ये चोट पिछले साल अक्टूबर में हुए एकदिवसीय विश्वकप में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में फील्डिंग करते समय लगी थी । इसके बाद उनकी जगह पर शेफाली वर्मा को शामिल किया गया था । भारतीय टीम ने तब विश्वकप जीता था। विश्कप में प्रतिका ने जबरदस्त प्रदर्शन कर 300 से अधिक रन बनाये थे । बीसीसीआई के अनुसार 'महिला चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया की टीम के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज के लिए प्रतिका को टीम में शामिल किया है क्योंकि इस बल्लेबाज ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है और वह अब पूरी तरह से फिट हैं ।' ब्रिसबेन में पहले मैच के बाद एकदिवसीय सीरीज के अन्य दो मैच 27 फरवरी और एक मार्च को होबार्ट में खेले जाएंगे । वह पहले से ही पर्थ में छह मार्च से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल है ।



टीम इस प्रकार है : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), काशवी गौतम, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल और प्रतिका रावल ।

# दुबई पैरा एथलेटिक्स 2026 : भारत का परच, 43 मेडल के साथ पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में बना नंबर 1

**दुबई (एजेंसी)।** भारत ने दुबई 2026 ग्रां प्री - 17वीं फाज़ा इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 पदकों के साथ पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। भारत ने कुल 16 स्वर्ण, 13 रजत और 14 कांस्य पदक अपने नाम किए।

कोलंबिया और केन्या ने 20-20 पदक जीते, जिनमें क्रमशः 11 और 6 स्वर्ण पदक शामिल रहे। मेज़बान यूएई 31 पदकों (6 स्वर्ण) के साथ चौथे स्थान पर रहा। यह सीजन का पहला वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री था।

भारत के लिए यह प्रदर्शन खास रहा क्योंकि अगला डब्ल्यूपीए ग्रां प्री नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होना है। ऐसे में भारतीय एथलीटों ने दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन ग्राउंड पर आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की।

दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने पुरुषों की जेवलिन F64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की। वहीं पेरिस 2024 के स्वर्ण पदक विजेता नवदीप (जेवलिन F41) और धर्मबीर नैन (क्लब थ्रो F51) ने भी गोल्ड जीतकर सीजन की बेहतरीन शुरुआत की।

पेरिस 2024 पैरालंपिक्स की डबल ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर T35 में स्वर्ण और 200 मीटर T35 में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य अपना पर्सनल बेस्ट सुधारना और भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा गोल्ड जीतना है। यह तो बस शुरुआत है।'

भाग्यश्री एम. जाधव ने महिलाओं की शॉट पुट और जेवलिन F34 में भावनात्मक जीत दर्ज कर शानदार वापसी की। अन्य स्वर्ण पदक विजेताओं में रिंकू हुड्डा (जेवलिन F46), वरुण सिंह भाटी (हाई जंप T42), दिलीप महादू गावित (400 मीटर T46) और साहिल सलीम सैय्यद (डिस्कस F54/55) शामिल रहे।

रजत पदक विजेताओं में सुनील कुमार, प्रणव सूरमा और गुरुभास्कर सक्कप्पन शामिल रहे, जबकि कांस्य पदक रंजीत चंदा, पूनम राम, फातिमा खातून, दीपेश कुमार सहित अन्य खिलाड़ियों ने जीते।

फाज़ा चैंपियनशिप लंबे समय से वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स सर्किट का अहम हिस्सा रही है। दुबई में शीर्ष स्थान हासिल कर भारत ने आने वाली वैश्विक प्रतियोगिताओं से पहले मजबूत संदेश दे दिया है।



# ट्रोल होने पर क्या करती हैं तृप्ति डिमरी



तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 'वैलेंटाइन डे' से एक दिन पहले 13 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में तृप्ति डिमरी अफशा का किरदार निभाएंगी। इसमें उनके साथ शाहिद कपूर अहम किरदार में हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अमर उजाला से खास बातचीत की है। उन्होंने बताया है कि वह ट्रोल होने पर कैसा महसूस करती हैं।

## ट्रोल होने पर कैसा महसूस करती हैं तृप्ति?

तृप्ति डिमरी से जब पूछा गया कि जब कोई उन्हें ट्रोल करता है, तो उन्हें कैसा लगता है? इस पर उन्होंने कहा 'मैं रोती हूं। इंसान हूं, इसलिए कभी-कभी बहुत रोती भी हूं। लेकिन अगर कोई मेरी फिल्म या मेरे काम को लेकर आलोचना करे, तो मैं उस पर नहीं रोती। मैं इसे ऐसे लेती हूं कि किसी को मेरा काम पसंद आएगा, किसी को नहीं। सबको खुश करना संभव नहीं है।'

## पर्सनल कमेंट लगते हैं बुरे

उन्होंने आगे कहा 'हां, अगर कोई पर्सनल कमेंट कर दे, तो वह बात मुझे बुरी लगती है। बिलकुल अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर भी, मैं उस पर रोती नहीं हूं। मुझे कोई इतनी आसानी से रुला नहीं सकता।'

## प्यार पर क्या बोलीं तृप्ति?

तृप्ति डिमरी ने प्यार पर अपनी बात रखते हुए कहा 'अगर मैं खुद को फिल्म की लव स्टोरी में रखूं, तो जिस बात से मैं सबसे ज्यादा जुड़ पाती हूं, वह है इस कहानी में मौजूद प्यार की सच्चाई। मुझे हमेशा लगता है कि प्यार ऐसा ही होना चाहिए। सीधा, साफ और बिल्कुल पवित्र। यही चीज इस कहानी में भी है। यही बात मेरी अपनी रियल लाइफ से भी सबसे ज्यादा मिलती है।


## कौन है फिल्म का निर्देशक?

फिल्म 'ओ रोमियो' एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसके लेखक और निर्देशक विशाल भारद्वाज हैं। इसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। फिल्म में तृप्ति और शाहिद के अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और फरीदा जलाल भी होंगी।



# 30 अप्रैल को थिएटर्स में आएगी राम चरण की आने वाली फिल्म 'पेद्दी'

साउथ सुपरस्टार राम चरण इन दिनों निजी और प्रोफेशनल दोनों वजहों से चर्चा में हैं। हाल ही में वह जुड़वां बच्चों एक बेटे और एक बेटी के पिता बने हैं। पिछले महीने उनकी पत्नी उपासना ने बच्चों को जन्म दिया था। उनकी आगामी फिल्म 'पेद्दी' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। जब से फिल्म 'पेद्दी' का ऐलान हुआ है, तब से यह सोशल मीडिया पर लगातार चर्चा में बनी हुई है। अब मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट भी बता दी है। 'पेद्दी' 30 अप्रैल 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नए पोस्टर में राम बेहद दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। वह लंबे बाल, बड़ी दाढ़ी, खून से सना चेहरा और धूल में लिपटे रफ-टफ अवतार में दिखाई दे रहे हैं। भीड़ के बीच खड़े राम चरण की मौजूदगी एक ताकतवर और मास अपील वाले किरदार की ओर इशारा करती है। पोस्टर के साथ मेकर्स ने लिखा... 'उसके आने की तारीख बदल सकती है, लेकिन उसकी ताकत और जज्बा नहीं।' बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही 'पेद्दी' को एक बड़ी पैन इंडिया फिल्म माना जा रहा है। फिल्म में राम के साथ जाह्नवी कपूर भी लीड रोल में दिखाई देंगी। इसके अलावा जगपति बाबू, शिवा राजकुमार और दिव्येंदु शर्मा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।






# विक्रांत मैसी ने रिटायरमेंट को लेकर कही बड़ी बात

विक्रांत मैसी ने हाल ही में अपने रिटायरमेंट को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर बात की है। अभिनेता ने साल 2024 में टेंपरेरी रिटायरमेंट को लेकर पोस्ट शेयर की थी। पोस्ट के बाद फैंस में खलबली मच गई थी। उनके एक पोस्ट से सबको यह लगा कि एक्टर रिटायरमेंट लेने वाले हैं। अब उन्होंने बताया है कि उनकी पोस्ट का मतलब क्या था।

## विक्रांत मैसी ने लिया था एक्टिंग से ब्रेक

अभिनेता विक्रांत मैसी ने क्लियर किया कि उनकी दिसंबर 2024 की पोस्ट का मतलब रिटायरमेंट से नहीं था। बल्कि यह एक जरूरी ब्रेक था, जो गंभीर बर्नआउट और परिवार के साथ समय न बिताने के पछतावे की वजह से लिया गया था।

## लोगों को हुई गलतफहमी

अभिनेता ने सोशल मीडिया पर हुए वायरल पोस्ट के बारे में बात करते हुए कहा, 'एक्स पर शब्दों की लिमिट होती है, उसमें मैंने सारी जानकारी देने की कोशिश की। लेकिन पूरी जानकारी लोगों तक नहीं पहुंच पाई। लोगों ने बहुत कुछ गलत समझ लिया। मैं सिर्फ ब्रेक लेना चाहता था। उस समय मैं बहुत ज्यादा थकान से जूझ रहा था। अगर आप अपने काम की वजह से पलों का आनंद नहीं ले पा रहे, तो सफलता का क्या फायदा?

### काम इंतजार कर सकता है...

अभिनेता के मुताबिक उन्होंने अपने बेटे के मुंह से पहली बार 'पापा' सुनने का पल मिस कर दिया। इससे उन्हें समझ आया कि प्रोफेशनल उपलब्धियां कुछ समय के लिए हैं, लेकिन बेटे का बचपन वापस लौटकर नहीं आएगा। 7 महीने के ब्रेक के दौरान, उन्होंने एक पति और पिता होने का दायित्व निभाया। उन्होंने कहा, 'काम इंतजार कर सकता है, लेकिन परिवार के साथ बिताए पल वापस लौटकर नहीं आते।'



# गोलमाल 5 में हुई करीना की वापसी

रोहित शेट्टी की सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइज 'गोलमाल 5' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म में करीना कपूर की वापसी तय हो चुकी है और वह एक बार फिर अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। इसके साथ ही रोहित शेट्टी ने फिल्म में अक्षय कुमार को शामिल कर दिया है। अजय, अक्षय और करीना जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने 'गोलमाल 5' को अब तक की सबसे बड़ी और दमदार टीम वाली फिल्म बना दिया है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक... 'करीना की कास्टिंग में थोड़ा वक्त लगा। इसकी वजह डेट्स और कुछ अन्य मुद्दों पर बातचीत थी।'

## फिल्म में अजय का ही रहेगा अहम किरदार

'गोलमाल' फ्रेंचाइज के अब तक आए चारों पार्ट हिट साबित हुए हैं। अब अक्षय की एंट्री और करीना की वापसी ने इस उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। फिल्म इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि इतने बड़े सितारों को एक साथ लाना आसान नहीं होता। फिल्म में अजय का ही किरदार अहम रहेगा।

# नाम बदलने के फैसले के बाद 'घूसखोर पंडित' विवाद पर मनोज बाजपेयी ने दी प्रतिक्रिया



नेटफ्लिक्स पर आने वाली मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडित' अपनी घोषणा के बाद से ही विवादों में घिरी है। फिल्म के नाम को लेकर ब्राह्मण समुदाय और एफडब्ल्यूआईसीई ने आपत्ति जताई और रिलीज पर रोक लगाने की मांग की थी। जब मामला कोर्ट में पहुंचा तब मेकर्स ने फिल्म का नाम बदलने का फैसला किया। अब इस पूरे मामले में मनोज बाजपेयी की प्रतिक्रिया भी सामने आई है।

## हम छोटी-छोटी बातों पर भड़क उठते हैं

डेक्कन क्रॉनिकल से बात करते हुए फिल्म के लीड एक्टर मनोज बाजपेयी ने विवाद पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, 'हमारा देश बहुत संवेदनशील हो गया है। हम हमेशा तनाव में रहते हैं, छोटी-छोटी बातों पर भड़क उठते हैं और व्यक्तिगत रूप से अपशब्दों का प्रयोग करने लगते हैं। अब फिल्म के शीर्षक में इन सभी बातों का ध्यान रखा जा रहा है।'

## मेकर्स ने लिया फिल्म का नाम बदलने का फैसला

इससे पहले नेटफ्लिक्स पर फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसको लेकर विवाद शुरू हो गया था। देश के अलग-अलग हिस्सों में ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं कोर्ट में भी फिल्म के टाइटल को लेकर इसे भड़काऊ और ब्राह्मणों का अपमान करने वाला बताते हुए याचिका दायर की गई। इसमें फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की बात कही गई। हालांकि, बीते दिन दिल्ली हाईकोर्ट में हुई सुनवाई में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने कोर्ट को बताया कि मेकर्स फिल्म के नाम में बदलाव करने को तैयार हैं। मेकर्स की ओर से आश्वस्त किया गया कि प्रमोशनल सामग्री पहले ही हटा ली गई है और फिल्म का नाम भी बदल दिया जाएगा। हालांकि, अभी तक फिल्म के नए नाम की घोषणा नहीं की गई है।

### नीरज पांडे ने किया है निर्माण

नीरज पांडे द्वारा निर्मित 'घूसखोर पंडित' में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में नुसरत भरूचा, साकिब सलीम, श्रद्धा दास, अक्षय ओबेरॉय और कीकू शारदा भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

# यह जिंदगी बदल देने वाली फिल्म है 'कैनेडी'



अभिनेत्री सनी लियोन जल्द ही अनुराग कश्यप की फिल्म 'कैनेडी' में नजर आएंगी। सनी लियोन इस फिल्म को अपने 15 साल के करियर में सबसे खास मानती हैं। साथ ही उनका कहना है कि उन्हें यकीन ही नहीं हुआ, जब अनुराग कश्यप ने इस फिल्म के लिए उन्हें कॉल किया था। 'कैनेडी' काफी वक्त से तैयार है और कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इसे तारीफें भी मिल चुकी हैं। अब सनी लियोन ने फिल्म के अपने अनुभव के बारे में बात की।

## फिल्म को लेकर उत्साहित हैं सनी

इंडिया टुडे के साथ बातचीत के दौरान सनी लियोन ने फिल्म के लिए अपनी तैयारी और इस फिल्म की गंभीरता को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं बेहद उत्साहित हूं। मैं वहां थोड़े समय के लिए ही थी, लेकिन उस दौरान इस फिल्म पर काम करना एक अद्भुत अनुभव रहा। इसमें जो मेहनत लगी है, इस फिल्म के लिए हम जितनी जगहों पर गए हैं और अलग-अलग जगहों, देशों, फिल्म समारोहों और यहां तक कि आम लोगों से भी जो प्रतिक्रिया मिली है, वह कमाल की है। सच में यह बहुत ही रोमांचक है। कैनेडी को आखिरकार एक घर मिल गया।' फिल्म में कम स्क्रीन टाइम को लेकर सनी ने कहा कि यह निश्चित रूप से किरदार के बारे में है। यह स्क्रीन टाइम के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि फिल्म में वह समय कितना प्रभावशाली है। मुझे लगता है कि इसका हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत ही अद्भुत अनुभव था। जब आप इसे देखते हैं, तो ऐसा नहीं लगता कि मैं वहां हूं और फिर गायब हो जाती हूं। यह अधिकांश बड़ी फिल्मों की तरह, केवल एक व्यक्ति पर आधारित नहीं है। इसमें कई अलग-अलग किरदार हैं।

## अनुराग कश्यप के साथ ऐसी थी पहली मुलाकात

अनुराग कश्यप के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए सनी लियोन ने कहा मैं चौंक गई थी। मैंने सोचा, 'आप मुझे फोन करना चाहते थे?' तो पहले उन्होंने डेनियल को फोन किया और डेनियल ने कहा, 'आप मुझसे क्यों पूछ रहे हैं भाई? आप सीधे सनी को फोन करके पूछ लीजिए।' तो जब उन्होंने फोन किया, तो दूसरी तरफ डेनियल ने कहा, 'हे भगवान, यह तो कमाल है।' और फिर उन्होंने फोन करके कहा कि वह चाहते हैं कि मैं इस रोल के लिए ऑडिशन दूं। मैं ऑडिशन के लिए तैयार थी, लेकिन मुझे इसके लिए गिड़गिड़ाना पड़ा क्योंकि वह बार-बार कह रहे थे, 'तुम्हें ऑडिशन की जरूरत नहीं है।' मैंने उनसे कहा, प्लीज। अगर अंग्रेजी में है तो मत भेजिए, लेकिन अगर हिंदी में है तो भेज दीजिए। कुछ शब्द मुश्किल हो सकते हैं। तो उन्होंने डायलॉग भेजे और मैंने उन्हें याद कर लिया। मुझे बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि ऑफिस के ये सभी लोग मेरे साथ एक मजाक कर रहे थे। मुझे कान्स में डिनर के दौरान पता चला। वे कहने लगे, 'हां, हमने तुम्हारे साथ एक मज़ाक किया था। हम बस यह देखना चाहते थे कि तुम आओगी या नहीं।' मैंने कहा कि क्या आप सच कह रहे हैं? मैंने डायलॉग याद कर लिए थे। मैं बहुत घबराई हुई थी।

## चुनौतीपूर्ण था किरदार

अपने किरदार चार्ली को चुनौतीपूर्ण बताते हुए सनी का कहना है कि अनुराग को भरोसा था मैं कर लूंगी। लेकिन मुझे नहीं था। किरदार की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक चार्ली की विशिष्ट हंसी को हूबहू नकल करना था। शुरू से ही वह इसे चाहते थे। लेकिन मैं सोच रही थी कि मैंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी ऐसे नहीं हंसा। कौन ऐसे हंसता है? इसलिए मैं जहां भी जाती, चार्ली की तरह हंसने लगती थी। किरदार की तैयारी के लिए हमने डायलॉग्स की कोचिंग ली, स्क्रिप्ट रीडिंग और वर्कशॉप में भाग लिया। उन्होंने मेरी एक भी लाइन नहीं बदली, जो बहुत अच्छी बात थी। यह वाकई एक जिंदगी बदल देने वाली फिल्म है।

### 20 फरवरी को रिलीज होगी 'कैनेडी'

अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 'कैनेडी' में सनी लियोन के साथ राहुल भट्ट प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद अब यह फिल्म भारत में 20 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो रही है।

## बीजेपी के राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को कर्नाटक हाईकोर्ट ने किया रद्द


### -कांग्रेस पार्टी ने बीजेपी सरकार पर 40 फीसदी कमीशन का लगाया था आरोप

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने राहुल गांधी को राहत देते हुए बीजेपी की राज्य इकाई द्वारा दायर मानहानि की शिकायत को रद्द कर दिया है। जस्टिस एस सुनील दत्त यादव की एकल पीठ ने राहुल गांधी की याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसमें उन्होंने निचली अदालत द्वारा जारी समन और पूरी कार्यवाही को चुनौती दी थी। यह विवाद 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान शुरू हुआ था। कांग्रेस पार्टी ने राज्य की तत्कालीन बीजेपी सरकार पर 40फीसदी कमीशन का आरोप लगाते हुए प्रमुख अखबारों में करप्शन रेट कार्ड विज्ञापन प्रकाशित किए थे। बीजेपी ने इसे मानहानि बताते हुए राहुल गांधी, सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम शिवकुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ने फैसले सुनाते हुए साफ किया कि राहुल गांधी के खिलाफ इस मामले में कार्यवाही को जारी रखना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। राहुल गांधी के वकीलों ने दलील दी थी कि विज्ञापन पार्टी द्वारा जारी किया गया था और राहुल गांधी का इसे सोशल मीडिया पर साझा करना मानहानि की श्रेणी में नहीं आता, क्योंकि वे उस समय किसी आधिकारिक पार्टी पद पर नहीं थे और न ही इसमें उनकी सीधी भूमिका थी। इससे पहले निचली अदालत ने उन्हें पेशी से स्थायी छूट दी थी, लेकिन अब हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद यह मामला पूरी तरह खत्म हो गया है।



## सलीम खान की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल पहुंचे सलमान, फैंस हुए चिंतित

मुंबई (एजेंसी)। सुपरस्टार और बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान के पिता हिंदी सिनेमा के दिग्गज लेखक सलीम खान की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता की हालत की सूचना मिलते ही सलमान आनन-फानन अस्पताल पहुंचे। सलीम खान के अस्पताल में भर्ती होने की खबर फैलते ही फैंस सोशल मीडिया पर उनकी सेहत को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं और जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। फिलहाल परिवार की ओर से साफ नहीं किया गया है कि उन्हें किस वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिता की तबीयत बिगड़ने के बीच सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे कार से उतरकर तेजी से अस्पताल के अंदर जाते दिख रहे हैं। वीडियो में उनके चेहरे पर चिंता और मायूसी साफ नजर आती है। बता दें 90 साल के सलीम खान को हिंदी सिनेमा के इतिहास के सबसे प्रभावशाली लेखकों में गिना जाता है। 1970 के दशक में जावेद अख्तर के साथ उनकी जोड़ी सलीम-जावेद ने इंडस्ट्री को कई यादगार और ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। इस जोड़ी ने दीवार, जंजीर और डॉन जैसी फिल्मों के जरिए बॉलीवुड के 'एंग्री यंग मैन' दौर को नई पहचान दी और अमिताभ बच्चन को सुपरस्टार बनाया। अभी तक सलीम खान की सेहत को लेकर परिवार की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। फैंस और इंडस्ट्री उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं।



## जम्मू-जुवेनाइल सेंटर से 2 पाकिस्तानी सहित 3 नाबालिग फरार: मामले में 6 अधिकारी सस्पेंड

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में जुवेनाइल ऑब्जर्वेशन सेंटर से 2 पाकिस्तानी नागरिक सहित 3 नाबालिग फरार हुए। इसी मामले में मंगलवार को 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड किए गए। नाबालिगों के सेंटर से फरार होने की घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई थी। 22 सेकेंड के वीडियो में दिख रहा हैं कि शाम करीब 5.15 बजे दो नाबालिग झगड़ा कर रहे हैं। तभी सेंटर के दो कर्मचारी पास ही खड़े उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे हैं। तभी कैप पहना हुआ नाबालिग पीछे से आकर कर्मचारी के सिर पर फायर कर देता है। फायर होते ही दोनों कर्मचारी पीछे हटते हैं। इसमें नाबालिग फिर से गन लोड कर दूसरा फायर करने की कोशिश करता है, लेकिन फायर नहीं होता। इसके बाद तीन नाबालिग सेंटर से भाग निकलते हैं। वहीं, जुवेनाइल सेंटर से फरार नाबालिग में एक की मां भी लापता हैं। पुलिस के मुताबिक महिला की तलाश की जा रही है। नाबालिग की फायरिंग में एसओपी विनय कुमार और हेड कांस्टेबल पर्वीन कुमार को घायल हुए हैं। उनका इलाज जारी है। नाबालिग के पास पिस्टल कैसे पहुंची, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है। फरार कैदियों को पकड़ने के लिए विशेष टीमों का गठन किया है। टीम की अलग-अलग जगहों पर छापेमारी जारी है। जुवेनाइल ऑब्जर्वेशन सेंटर की सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में चौकसी बढ़ा दी है। नागरिकों से जानकारी देने का अनुरोध किया है।

## बिश्नोई गैंग के गुर्गे शुभम लोनकर व उसके भाई ने रची रोहित शेट्टी के घर हमले की साजिश

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने सनसनीखेज खुलासा किया है। यह हमला लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े महाराष्ट्र प्रमुख शुभम लोनकर और उसके भाई प्रवीण लोनकर ने करवाया था। घटना 1 फरवरी 2026 की रात हुई, जब अज्ञात हमलावरों ने रोहित शेट्टी के घर के बाहर 4-5 राउंड फायरिंग की थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे शुभम लोनकर ने सोशल मीडिया पर हमले की जिम्मेदारी ली और निर्देशक को धमकी भी दी। पुलिस जांच में पता चला कि प्रवीण लोनकर, जो बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में जेल में बंद है। इसके बावजूद उसने जेल से ही इस साजिश को अंजाम दिया। उसने हथियार, बाइक और आर्थिक मदद मुहैया कराई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्राइम ब्रांच को शक है कि प्रवीण लोनकर ने जेल में रहते हुए ही इस पूरे अपराध की साजिश रची, जिसमें मुख्य शूटर को निर्देश दिए गए। हमले से पहले कई दिनों तक रेकी की गई, स्कूटी पुणे से 30 हजार रुपए में खरीदी गई और मुंबई लाई गई। मुख्य आरोपी शुभम लोनकर ने पैसे और हथियार सप्लाई किए, जबकि प्रवीण ने तीन हथियार उपलब्ध कराए। आरोपियों ने सिग्नल या टेलीग्राम जैसे एन्क्रिप्टेड ऐप्स से संवाद किया और बाद में डिलीट कर दिए।

# चुनावी राज्यों में कांग्रेस की आतंरिक कलह बढ़ा रही मुसीबत, बगावती सुरों ने बढ़ाई नेतृत्व की टेंशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस पार्टी के भीतर गहराती गुटबाजी और नेतृत्व पर उठते सवालों ने संगठन के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। केरल, असम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों में पार्टी के भीतर असंतोष के सुर मुखर हो रहे हैं। वरिष्ठ नेताओं की बयानबाजी और गठबंधन सहयोगियों के साथ बढ़ते तनाव ने पार्टी आलाकमान की रातों की नींद उड़ा दी है।



केरल में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के हालिया बयान ने पार्टी को असहज कर दिया है। अय्यर ने भविष्यवाणी की है कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी। हालांकि पार्टी ने उनके इस बयान से पल्ला झाड़ लिया है, लेकिन अय्यर अपने स्टैंड पर कायम हैं। उन्होंने तर्क दिया कि एक कांग्रेसी के रूप में वह यूडीएफ की जीत चाहते हैं, लेकिन एक गांधीवादी होने के नाते वह सच बोलने के लिए बाध्य हैं। केरल की राजनीति में हर पांच साल में सत्ता परिवर्तन की परंपरा रही है, जिसे 2021 में विजयन ने तोड़ दिया था। अब अय्यर की इस टिप्पणी ने कांग्रेस की सत्ता में वापसी की उम्मीदों को करारा झटका दिया है।

उधर असम में भी स्थिति सामान्य नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा के इस्तीफे ने पार्टी के भीतर मचे घमासान को सार्वजनिक कर दिया। बोरा का आरोप था कि केंद्रीय नेतृत्व उन्हें नजरअंदाज कर रहा है और राज्य इकाई में उन्हें उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। बेहाली प्रकरण और माजुली यात्रा जैसे निर्णयों पर असंतोष जताते हुए उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे को अपना त्यागपत्र भेजा था। हालांकि, राहुल गांधी के हस्तक्षेप के बाद उन्होंने इस्तीफा वापस ले लिया है, लेकिन पार्टी के भीतर मुस्लिम नेताओं की उपेक्षा और आंतरिक मतभेद अभी भी बरकरार हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस घटनाक्रम को कांग्रेस का गहराता संकट बताते हुए कटाक्ष किया है।

तमिलनाडु में कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती सत्ताधारी डीएमके के साथ गठबंधन को बचाए रखना है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव के बाद कोई सत्ता साझेदारी नहीं होगी। कांग्रेस द्वारा अधिक सीटों और सरकार में हिस्सेदारी की मांग को स्टालिन ने षड्यंत्र करार दिया है। मणिक्कम टैगोर जैसे नेताओं की चेतावनी और अभिनेता विजय की नई पार्टी के उभार ने राज्य के समीकरणों को और जटिल बना दिया है। राहुल गांधी के लिए यह गठबंधन टूटने का खतरा सबसे बड़ा सिरदर्द बन गया है, क्योंकि तमिलनाडु में डीएमके के बिना कांग्रेस की स्थिति बेहद कमजोर हो सकती है। पश्चिम बंगाल में तो इंडिया गठबंधन के दो प्रमुख घटक, तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस, पूरी तरह आमने-सामने हैं। ममता बनर्जी ने 2026 के विधानसभा चुनाव में एकला चलो की राह अपनाते हुए अकेले लड़ने का ऐलान किया है, जिसके जवाब में कांग्रेस ने भी राज्य की सभी 294 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया है। राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन की बात करने वाले दल राज्य स्तर पर एक-दूसरे के धुर विरोधी नजर आ रहे हैं। इन तमाम परिस्थितियों के बीच भाजपा ने तंज कसते हुए कहा है कि जब पार्टी के अपने ही नेता नेतृत्व पर भरोसा नहीं कर रहे, तो जनता उन पर विश्वास कैसे करेगी।

## अमेरिकी प्रतिबंधों के घेरे में आए तीन ईरानी तेल टैंकरों को भारत ने किया जब्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। अपने समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुपालन को लेकर भारत पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। ताजा घटनाक्रम में भारतीय अधिकारियों ने ईरान से जुड़े उन तीन तेल टैंकरों को जब्त किया है, जिन पर अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाया गया था। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब टैरिफ विवादों के कारण तनावपूर्ण रहे भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं और अमेरिका ने हाल ही में भारत पर लगाए गए टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, पकड़े गए इन टैंकरों की पहचान स्टैलर रूबी, एस्फाल्ट स्टार और अल जाफजिया के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि इन जहाजों ने तटीय राज्यों के कानूनों से बचने और अपनी पहचान छिपाने के लिए बार-बार अपने नाम और विवरण बदले थे। भारतीय नौसेना और तट रक्षक बल का मुख्य उद्देश्य शिप-टू-शिप यानी एक जहाज से दूसरे जहाज में तेल के अवैध हस्तांतरण को रोकना है। अक्सर तेल के मूल स्रोत को छिपाने और प्रतिबंधों से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों को अंजाम दिया जाता है। भारतीय अधिकारियों की इस मुस्तैदी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि समुद्री सीमाओं की कड़ी निगरानी के लिए करीब 55 युद्धपोत और 10 से 12 टोही विमान तैनात किए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, इन तीनों में से दो टैंकर सीधे तौर पर ईरान से जुड़े हैं। स्टैलर रूबी पर ईरान का झंडा लगा है, जबकि अल जाफजिया ने साल 2025 में ईरान से जिबूती तक तेल का परिवहन किया था। वहीं, एस्फाल्ट स्टार लंबे समय से चीन के समुद्री क्षेत्र के आसपास सक्रिय था। दिलचस्प बात यह है कि पिछले साल अमेरिकी विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने ग्लोबल पीस, चिल 1 और ग्लोरी स्टार 1 नामक जहाजों पर प्रतिबंध लगाया था, जिनके आईएमओ नंबर भारत द्वारा पकड़े गए इन जहाजों से मेल खाते हैं।

## नवनीत राणा का बड़ा बयान: देश में बाबरी बनाने वालों को कब्र के लिए भी जगह नहीं मिलेगी



**छतरपुर (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी की नेता और पूर्व सांसद नवनीत राणा ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में कथित तौर पर बाबरी मस्जिद की तर्ज पर ढांचा तैयार करने की योजना को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाया है। मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम में पंडित धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात के बाद उन्होंने एक विवादित और आक्रामक बयान जारी किया। नवनीत राणा ने हुमायूं कबीर की योजनाओं पर प्रहार करते हुए सीधे शब्दों में कहा कि हिंदुस्तान में बाबरी बनाने की सोच रखने वालों को कब्र के लिए भी जगह नसीब नहीं होगी।

अपने संबोधन के दौरान उन्होंने धार्मिक और प्रतीकात्मक हथियारों का जिक्र करते हुए खुद को महाराष्ट्र की बेटी बताया। उन्होंने कहा कि वह मैदान में माला और तलवार, दोनों के साथ खड़ी हैं। संतों की शिक्षाओं का हवाला देते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के समय में हाथों में सिर्फ माला होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि माला के साथ-साथ भाला होना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह जरूरत पड़ने पर तलवार लेकर मैदान में उतरने से पीछे नहीं हटेंगी। मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद जैसी संरचना बनाने के प्लान के विरोध में बोलते हुए नवनीत राणा ने चेतावनी दी कि जो लोग देश के भीतर फिर से बाबरी जैसी विभाजनकारी सोच को बढ़ावा दे रहे हैं, उन्हें इसके गंभीर अंजाम भुगतने होंगे। उन्होंने दावा किया कि ऐसे तत्वों के लिए भारत की धरती पर कोई स्थान शेष नहीं बचेगा। नवनीत राणा का यह बयान उस समय आया है जब मुर्शिदाबाद की घटना को लेकर राजनीतिक गलियारों में पहले से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है। उनके इस आक्रामक रुख और माला के साथ भाला वाले बयान ने इस बहस को और तेज कर दिया है। फिलहाल उनके इस बयान पर विभिन्न राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाओं का इंतजार है, लेकिन उन्होंने अपने इरादे साफ कर दिए हैं कि वह इस मुद्दे पर किसी भी तरह के समझौते के मूड में नहीं हैं।

# हिमाचल विधानसभा में हंगामा, राज्यपाल ने 2 मिनट में खत्म किया अभिभाषण

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आगाज़ एक ऐसी असाधारण घटना के साथ हुआ जिसने राज्य के संसदीय इतिहास में नया विवाद खड़ा कर दिया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार के बीच रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) और केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर मतभेद सदन के भीतर खुलकर सामने आ गए। राज्यपाल ने दुर्लभ कदम उठाते हुए अपना अभिभाषण महज 2 मिनट 1 सेकंड में समाप्त कर दिया और सदन के पटल पर सरकार द्वारा तैयार किए गए दस्तावेज़ के महत्वपूर्ण हिस्सों को पढ़ने से इनकार कर दिया।



जानकारी के अनुसार, विवाद की जड़ सरकार द्वारा तैयार अभिभाषण के वे अंश थे जिनमें केंद्र सरकार और कुछ संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज की तीखी आलोचना की गई थी। राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि दस्तावेज़ के पृष्ठ 1 से 16 तक की सामग्री संस्थागत ढांचे के प्रतिकूल है और वे संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणियां नहीं पढ़ सकते। इसके चलते उन्होंने केवल शुरुआती दो पैराग्राफ और अंतिम हिस्सा पढ़ा, जबकि वित्तीय स्थिति और केंद्र से मिलने वाली सहायता से जुड़े पैरा 3 से 16 को छोड़ दिया। सदन से बाहर निकलते समय उन्होंने विधायकों से शेष पाठ स्वयं पढ़ने को कहा, जिससे विपक्षी खेमे और सत्ता पक्ष के बीच हलचल तेज हो गई। इस पूरे टकराव के केंद्र में रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) है। संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत यह अनुदान उन राज्यों को दिया जाता है जिनकी आय और अनिवार्य खर्चों के बीच बड़ा अंतर होता है। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य के लिए यह राशि वित्तीय रीढ़ की हड्डी के समान है। विवाद तब गहराया जब 16वें वित्त आयोग ने वित्त वर्ष 2026-27 से इस अनुदान को बंद करने का निर्णय लिया, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आरडीजी राज्य का अधिकार है और वह इसके लिए लड़ते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि यह किसी पार्टी का नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के हक का मामला है। राज्य पर वर्तमान में संशोधित वेतन एरियर के करीब 8,500 करोड़ रुपये और महंगाई भत्ते के 5,000 करोड़ रुपये का भारी बोझ है। यदि आरडीजी बंद होती है, तो कर्मचारियों के वेतन और भत्तों के भुगतान पर अनिश्चितकालीन संकट आ सकता है। राज्यपाल और सरकार के बीच हुआ यह तीखा टकराव संकेत दे रहा है कि आगामी बजट सत्र के दौरान राजभवन और सचिवालय के बीच का यह सियासी शीतयुद्ध विधानसभा की चर्चाओं को और अधिक आक्रामक बनाएगा।

## असम सीएम सरमा मीरजापुर पहुंचे, राहुल गांधी को बताया मानसिक बीमार

मीरजापुर (एजेंसी)। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार रात में विंध्यधाम पहुंचकर मां विंध्यवासिनी की पूजा अर्चना की। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। वह वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद विंध्यधाम पहुंचे। यहां विधायक समेत कई लोगों ने अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मां का दर्शन करने के बाद हिमंत सरमा ने कहा कि राहुल गांधी मानसिक रूप से बीमार है। देश में कोई भी राहुल वादी नहीं है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा टीपू सुल्तान और छत्रपति शिवाजी को एक बराबर सम्मान दिए जाने की बात पर उन्होंने कहा कि इन लोगों की बात का कोई मतलब नहीं हो सकता। एक हिंदू रक्षक थे तो दूसरा हिंदू भक्षक फिर दोनों बराबर सम्मान के अधिकारी कैसे हो सकते है। उन्होंने कहा कि असम की हालत बहुत खराब है।

# हाथों में दूषित पानी लेकर विधानसभा पहुंचे विधायक, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश विधानसभा बजट सत्र के आज दूसरे दिन यानी मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस ने इंदौर के भागीरथपुरा के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया।



कांग्रेस विधायक हाथों में दूषित पानी और तख्तियां लेकर पहुंचे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विपक्ष ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई के साथ ही मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। वहीं इस पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने पलटवार भी किया हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के प्रदर्शन पर पलटवार किया है। भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा का कांग्रेस को नैतिक रूप से इस्तीफा मांगने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस की नीतियों के कारण यह स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस ने जो किया, हम आगे सुधारेंगे।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार टैक्स लेती है तो क्या स्वच्छ पानी पिलाने की जवाबदारी नहीं है। राज्यपाल के अभिभाषण में कहते है मेरी सरकार स्वच्छ पानी पिला रही है, तो कहां स्वच्छ पानी मिल रहा है ? सरकार क्यों बहस से डर रही है। इंदौर की जनता श्मशान घाट जा रही है और मंत्री कुर्सी पर बैठे हुए है। तत्काल मुख्यमंत्री को मंत्री से इस्तीफा लेना चाहिए। दरअसल, इंदौर में हुए पानी कांड ने मध्य प्रदेश समेत पूरे देश को झकझोर कर रखा दिया था। भागीरथपुरा इलाके में दूषित (गंदा) पानी पीने से 25 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। हालांकि सरकारी रिकॉर्ड में आंकड़ें अलग है। इस मामले पर जमकर सियासत भी हुई थी। विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन करते हुए दोषियों पर कार्रवाई और मंत्री से इस्तीफे की मांग की थी। वहीं दूसरी तरफ उज्जैन के तराना से कांग्रेस विधायक महेश परमार ने कहा कि इंदौर प्रशासन और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पूरे विश्व में शर्मसार किया है। दूषित पानी पीने से लगभग 35 से 40 लोगों की मौत हो गई। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें पदोन्नति देकर ऊपर भेज दिया गया। इन मासूम लोगों की मौत के लिए जो भी दोषी हैं, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और पीड़ित परिवारों को न्याय मिलना चाहिए। बीजेपी को शर्म आना चाहिए।

### बुधवार को पेश होगा बजट

बता दें कि एमपी विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही सोमवार 16 फरवरी से शुरू हो चुकी है। जो 6 मार्च तक चलेगी। आज मंगलवार को सत्र का दूसरा दिन है। कल यानी बुधवार को विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। इस सत्र में कुल 3478 प्रश्नों की विधानसभा को सूचनाएं, 236 ध्यानाकर्षण, 10 स्थगन प्रस्ताव, 41 अशासकीय संकल्प पेश होंगे। शून्य काल में विधानसभा में 83 सवाल होंगे।

# तवांग की बर्फबारी में फंसी गाड़ी तो किरेन रिजिजू धक्का लगाते दिखे,

### मंत्री का संदेश– पहाड़ी इलाकों में हर परिस्थिति के लिए रहें तैयार

**तवांग (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में भारी बर्फबारी के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वे स्थानीय लोगों और कर्मचारियों के साथ मिलकर बर्फ में फंसी एक गाड़ी को धक्का देते नजर आ रहे हैं। मंत्री ने यह वीडियो अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर साझा किया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है।



वीडियो में देखा जा सकता है, कि तवांग क्षेत्र में बर्फबारी इतनी तेज है कि सड़क पर वाहन मुश्किल से आगे बढ़ पा रहे हैं। इसी दौरान एक वाहन बर्फ में फंस गया, जिसके बाद रिजिजू खुद गाड़ी से उतरकर लोगों के साथ उसे धक्का लगाने लगे। कुछ प्रयासों के बाद वाहन को आगे बढ़ाने में सफलता मिली। इस वीडियो को साझा करते हुए रिजिजू ने पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा करने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि तवांग जैसे दुर्गम इलाकों में मौसम अचानक बदल सकता है, इसलिए हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना जरूरी है। उन्होंने यात्रियों से आवश्यक सामान और सुरक्षा उपायों के साथ ही सफर करने की सलाह दी। केंद्रीय मंत्री ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की भी सराहना की, जो लगातार बर्फ हटाने और सड़कों को चालू रखने में जुटा है। उन्होंने कहा कि विपरीत मौसम परिस्थितियों में बीआरओ की चौकसी और तत्परता सराहनीय है।

तवांग क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार हिमपात हो रहा है, जिससे कई प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बन गई है। बर्फ की मोटी परत के कारण छोटे और बड़े वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। बीआरओ की टीमें मशीनों और कर्मियों के साथ सड़क साफ करने में लगी हैं ताकि आवश्यक सेवाएं और यातायात सुचारु रूप से चल सके। सोशल मीडिया पर सामने आए इस वीडियो को लोग व्यापक रूप से साझा कर रहे हैं। कई यूजर्स ने इसे 'जमीनी स्तर पर सक्रिय नेता' की मिसाल बताते हुए मंत्री की सराहना की है।

# मछुआरों के बच्चों ने 48 गांव प्लास्टिक फ्री कर 6 बीच तैयार किए... अब रोज 300 पर्यटक आ रहे

**कन्याकुमारी (एजेंसी)।** तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले में हिंद महासागर के तट पर बसे 48 गांवों को मछुआरों के बच्चों ने प्लास्टिक मुक्त कर दिया है। इसके साथ ही पर्यटकों के लिए 6 बीच तैयार किए हैं। करीब 15 किमी में फैले मछुआरों के गांवों के इन बीच पर पहले सिर्फ मछलियां ही पकड़ी जाती थीं। अब रोज यहां 250-300 पर्यटक पहुंच रहे हैं। यह सब बिना किसी एनजीओ के प्रयास या सरकारी फंड के मुमकिन हुआ है। यहां 'नेगिजी इल्ला नेथल पडई' (प्लास्टिक मुक्त तटीय ब्रिगेड) नाम की पूरी टीम काम कर रही है। इसमें 850 स्कूली बच्चे और 500 ग्रेजुएट हैं। ये सभी इन्हीं गांवों के हैं। ये हर वीकेंड ग्रुप बनाकर गांवों व तट साफ करते हैं।

7 सालों से चल रही इस मुहिम को इंजीनियर मेलबिन रॉबिन ने 2019 में शुरू की थी। उन्होंने 2017 के 'ओखी चक्रवात' में अपने दो भाइयों को खो दिया था। चक्रवात के बाद उन्होंने देखा कि प्लास्टिक के मलबे की वजह से तबाही ज्यादा हुई थी। इसलिए दो दोस्तों के साथ तट की सफाई शुरू की। यह ग्रुप किसी से फंडिंग या मदद नहीं मांगता। इकट्ठा किए प्लास्टिक को बेचकर जो पैसा मिलता है, उसी से वॉलंटियर्स के लिए दस्ताने, जूते और सफाई के उपकरण खरीदते हैं।

वॉलंटियर्स ने मछुआरों को तैयार किया है कि वे समुद्र में इस्तेमाल किए गए प्लास्टिक वापस जमीन पर लाएं। अब तक इस टीम ने तटों से 7,400 किलो प्लास्टिक कचरा हटाया है। इसके साथ ही चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों में 1,200 से अधिक नारियल और जामुन के पेड़ लगाए गए हैं।

मछुआरों के बच्चों की यह ब्रिगेड सिर्फ सफाई नहीं करती, बल्कि लोगों का व्यवहार बदल रही है। उन्होंने 'डोर-टू-डोर' दूध के पैकेट कलेक्शन की शुरुआत की है। पिछले साल सिर्फ तीन गांवों से ही 5 लाख से ज्यादा दूध के पैकेट इकट्ठा कर रीसाइकिल के लिए भेजे गए। जो परिवार सबसे ज्यादा प्लास्टिक रीसाइकिल करता है, उसे यह ब्रिगेड साइकिल या अन्य जरूरी घरेलू सामान उपहार में देती है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com